

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025

संवत 2082, भाद्रपद शुक्ल 13 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 01 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ आम आदमी : मोदी सरकार और जीएसटी सुधार

गलतियां भी ठीक है : अनन्या पांडे ◂◂ 6




# लश्कर-ए-जिहादी की मुंबई को दहलाने की धमकी '34 मानव बम, 400 किलो आरडीएक्स' का दावा

## '14 पाकिस्तानी आतंकी भारत में घुसे, 34 वाहनों में बम लगाया', मुंबई पुलिस को व्हाट्सएप पर मिली धमकी

संवाददाता

**मुंबई :** पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि एक धमकी भरा कॉल आने के बाद पुलिस हाई अलर्ट पर है। कॉल करने वाले ने दावा किया कि 34 गाड़ियों में 34 मानव बम रखे गए हैं, जिनमें 400 किलोग्राम आरडीएक्स है। ये बम विस्फोट पूरे शहर को हिलाकर रख देंगे। यह धमकी भरा कॉल ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन पर आया था। मुंबई पुलिस ने बताया कि अनंत चतुर्दशी की पूर्व संध्या पर लश्कर-ए-जिहादी नामक संगठन ने यह धमकी जारी की थी। पुलिस ने बताया कि पूरे राज्य में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



पुलिस ने बताया कि धमकी भरे संदेश में दावा किया गया है कि मानव बमों से लदी 34 कारों का इस्तेमाल 400 किलोग्राम आरडीएक्स विस्फोट करने के लिए किया जाएगा, जिससे एक करोड़ लोग मारे जाएँगे। वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक रेलवे स्टेशन को उड़ाने की झूठी धमकी देने के आरोप में सोमवार को एक 43 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बताया कि आरोपी, जिसकी पहचान रूपेश मधुकर रणपिसे के रूप में हुई है, ने रविवार शाम करीब 4 बजे पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके बताया कि उसने कलवा रेलवे स्टेशन पर बम रखा है।

अगस्त में, दक्षिण मुंबई के गिरगाँव इलाके में स्थित इस्कॉन मंदिर को बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला था, जो परिसर की गहन तलाशी के बाद फर्जी निकला। एक अधिकारी ने बताया कि 22 अगस्त की शाम को मंदिर प्रशासन को एक आधिकारिक ईमेल आईडी पर बम विस्फोट की चेतावनी वाला एक ईमेल मिला। अधिकारी ने बताया कि मंदिर के अधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद रात में बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) के साथ परिसर की तलाशी ली गई।

## अफगानिस्तान में भूकंप का तीसरा झटका, 2200 से ज्यादा मौतें, तालिबान ने लगाई मदद की गुहार



**नई दिल्ली:** अफगानिस्तान में रविवार को आए 6.2 के भूकंप ने भारी तबाही की थी। इस भूकंप में कम से कम 2200 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। रविवार से गुरुवार के बीच भूकंप के तीन झटके आ चुके हैं। ऐसे में लोग अब भी खौफ के साए में जी रहे हैं।

नांगरहार प्रांत के स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि भूकंप का केंद्र पाकिस्तान की सीमा के पास धरती के 10 किलोमीटर अंदर था। भूकंप की वजह से नांगरहार और कुनार जिलों में प्रांतों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां 3600 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। वहीं राहत और बचाव के काम में तालिबान प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए हैं। वह धन की कमी का हवाला देकर अंतरराष्ट्रीय संगठनों से मदद की गुहार लगा रहा है। भूकंप प्रभावित लोगों को अब तक शेल्टर और दवाएं भी उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। तालिबानी प्रशासन मदद के लिए यूएन की ओर देख रहा है।

## दलितों के केस में सुप्रीम कोर्ट ने खींची लक्ष्मण रेखा

# एससी/एसटी एक्ट में जमानत तभी, जब केस कमजोर हो

**नई दिल्ली:** देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा है कि दलितों के खिलाफ उत्पीड़न से जुड़े मामले यानी एससी/एसटी एक्ट 1989 के तहत दर्ज मामलों में किसी भी आरोपी को अग्रिम जमानत तभी दी जा सकती है, जब स्पष्ट रूप से यह साबित हो कि आरोपी के खिलाफ प्रथम द्रष्टया कोई मामला न बनता हो। यानी पहली नजर में ही यह तथ्य साबित हो जाए कि आरोपी ने दलित समुदाय के प्रति कोई हिंसा नहीं की है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम को कमजोर वर्ग की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से लाया गया था और यह आरोपी को गिरफ्तारी से पूर्व जमानत देने पर रोक लगाता है।

## श्रीलंका में बस हादसा, 15 लोगों की मौत, 16 घायल

**कोलंबो:** श्रीलंका के उवा प्रांत में एला-वेल्लावेया मार्ग पर गुरुवार रात एक बस दुर्घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इस दुर्घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा तब हुआ जब एक बस सडक से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि घायलों में कुछ की स्थिति बेहद गंभीर है। बस में सवार यात्री एक समूह में थे और वे छुट्टियां मना कर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि दुर्गम इलाके में पुलिस, सेना, अग्निशमन विभाग और स्थानीय लोगों के साथ बचाव कार्य चल रहा है।

## पूर्व अमेरिकी अधिकारियों ने ट्रंप को दी चेतावनी, कहा-

# भारत को खो सकता है अमेरिका चीन को मिलेगा इनोवेशन में बढ़त

**नई दिल्ली/वाशिंगटन :** भारत और अमेरिका के रिश्ते इस समय अभूतपूर्व तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगाने के बाद दोनों देशों के बीच चल रही व्यापार वार्ता ठप हो गई है। इसी बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और पूर्व उप-विदेश सचिव कर्ट एम. कैंपबेल ने चेतावनी दी है कि अगर यह स्थिति बनी रही तो अमेरिका एक अहम रणनीतिक साझेदार भारत को खो सकता है और इससे चीन को इनोवेशन के क्षेत्र में आगे निकलने का मौका मिल जाएगा।



फॉरेन अफेयर्स पत्रिका में लिखे एक संयुक्त संपादकीय में सुलिवन और कैंपबेल ने कहा है कि भारत-अमेरिका साझेदारी को लंबे समय से द्विदलीय समर्थन प्राप्त रहा है और इस रिश्ते ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की आक्रामक नीतियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अमेरिकी सहयोगियों से अपील की कि वे भारत को यह समझाएं कि राष्ट्रपति ट्रंप की नाटकीय बयानबाजी अक्सर केवल सौदेबाजी की रणनीति का हिस्सा होती है, न कि कोई स्थायी नीति।

दोनों पूर्व अधिकारियों ने लिखा कि ट्रंप प्रशासन की नीतियों – जिनमें भारत पर 50 प्रतिशत तक का आयात शुल्क, रूस से तेल खरीद को लेकर आपत्ति और पाकिस्तान के साथ अमेरिका के बढ़ते समीकरण शामिल हैं – ने भारत-अमेरिका रिश्तों में तीखी गिरावट ला दी है। हाल ही में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई मुलाकात को उदाहरण के रूप में पेश करते हुए उन्होंने कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही तो अमेरिका, भारत को अपने प्रतिद्वंद्वियों की ओर धकेल देगा।

संपादकीय में उन्होंने अमेरिका की नीति पर सीधा सवाल उठाते हुए कहा कि भारत की तुलना पाकिस्तान से करना रणनीतिक रूप से गलत है। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान के साथ अमेरिका की चिंताएं सीमित हैं, जैसे आतंकवाद और परमाणु प्रसार, जबकि भारत के साथ बहुआयामी और दीर्घकालिक हित जुड़े हुए हैं।

पूर्व अधिकारियों ने ट्रंप की उस हालिया टिप्पणी पर भी आलोचना की जिसमें उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम का श्रेय स्वयं को दिया था। भारत सरकार ने इस दावे को खारिज कर दिया था। इसके बाद अमेरिका द्वारा पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर का व्हाइट हाउस में स्वागत किया गया और पाकिस्तान को व्यापार, क्रिप्टोकरेंसी और आर्थिक विकास में सहयोग का आश्वासन दिया गया। साथ ही, अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ तेल समझौता किया और उसी दौरान भारत पर 25 प्रतिशत तक का अतिरिक्त आयात शुल्क भी लगा दिया गया।

सुलिवन और कैंपबेल ने अमेरिका को सुझाव दिया कि भारत के साथ एक औपचारिक रणनीतिक साझेदारी की दिशा में कदम बढ़ाया जाए, जिसे अमेरिकी सीनेट की मंजूरी मिले और जो पांच स्तंभों पर आधारित हो – सुरक्षा, समृद्धि, नवाचार, लोकतांत्रिक मूल्य और वैश्विक नेतृत्व।

उन्होंने प्रस्ताव रखा कि भारत और अमेरिका को अगले दस वर्षों के लिए एक संयुक्त कार्य योजना तैयार करनी चाहिए, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, बायोटेक्नोलॉजी, क्वांटम टेक्नोलॉजी, स्वच्छ ऊर्जा, दूरसंचार और एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में तकनीकी साझेदारी की जाए।

संपादकीय में यह भी कहा गया कि दोनों देशों को एक साझा तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना चाहिए ताकि लोकतांत्रिक देश चीन जैसे सत्तावादी प्रतिद्वंद्वियों से इनोवेशन की दौड़ में पीछे न रह जाएं। इसके लिए प्रमोट और प्रोटेक्ट एजेंडे को लागू करने की सिफारिश की गई है, जिसमें निवेश, अनुसंधान एवं विकास और प्रतिभा साझा करने के साथ-साथ निर्यात नियंत्रण और साइबर सुरक्षा जैसे उपाय शामिल हों। पूर्व अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि अमेरिका अपनी रणनीति नहीं बदलता है, तो वह केवल एक कारोबारी सौदा नहीं, बल्कि एक रणनीतिक साझेदार खो देगा, और इसका सीधा फायदा चीन को मिलेगा।

# दिल्ली- एनसीआर में बाढ़, नोएडा के कई सेक्टर डूबे

## राजस्थान के अजमेर में बोराज तालाब टूटा, 1000 घरों में पानी,पंजाब में 43 मौतें



**नोएडा:** राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक बार फिर से मौसम करवट बदलने जा रहा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, 10 सितंबर तक लगातार बारिश का सिलसिला बना रहेगा। विभाग की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, 6 और 7 सितंबर को गरज-चमक के साथ तेज बारिश का अलर्ट है। इसके बाद 8 सितंबर को दोपहर या शाम के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। वहीं, 9 सितंबर को एक बार फिर गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। 10 सितंबर को आसमान में आंशिक बादल छाए रहने का अनुमान लगाया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश का यह सिलसिला अगले एक हफ्ते तक जारी रह सकता है। अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं, नमी का स्तर 55 से 90 प्रतिशत के बीच हो सकता है, जिसके कारण उमस से लोगों को दिक्कतें हो सकती हैं। लगातार हो रही बारिश के चलते यमुना और हिंडन नदी का जलस्तर भी बढ़ता जा रहा है।

## कुल्लू में दो भवन जमींदोज, दस लोग दबे, एक की मौत, अब तक 355 लोगों की गई जान



**शिमला:** हिमाचल में आपदा से नुकसान का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार में भू-स्खलन की चपेट में आने से दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए और इनके मलबे में दस लोग दब गए। इनमें से एक की मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों को बचा लिया गया। मलबे में एक महिला और पांच कश्मीरी मजदूर अभी फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने के प्रयास खबरलिखे जाने तक जारी थे। बुधवार को भी इसी जगह मकान ढहने से दो लोग दब गए थे, उनके शव भी अभी मलबे में दबे हुए हैं। प्रदेश में बरसात में मरने वालों का आंकड़ा 355 पर पहुंच गया है। कुल्लू में सितंबर माह के शुरूआती चार दिनों के दौरान रिकार्डतोड़ बारिश आंकी गई हैं।




न्यूज ब्रीफ



## मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर निकला जुलूस

**मुरी :** आज मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर धार्मिक जुलूस निकाला गया। नारे तकबीर, अल्ला हु अकबर के नारे लगाए गए। धार्मिक झंडे के साथ लोग अपने गांव से नये पोशाक पहन कर निकल कर गोला रोड भिखारी चौक पर इकट्ठा हुए। जहां से फिर एक साथ होकर जुलूस के साथ निकले। इसमें सुलुमजुडी,कलुवाडीह,बडा मुरी, छोटा मुरी के मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए।

## टंडवा के चूंदरू धाम में सांसद ने किया सूर्य मंदिर का भूमि पूजन



**चतराः** जिले के टंडवा प्रखण्ड के चूंदरू धाम परिसर में प्रस्तावित भव्य सूर्य मंदिर के भूमि पूजन समारोह का आयोजन गुरुवार को विधिवत रूप से किया गया। इस पावन अवसर पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भूमि पूजन के क्रम में सांसद श्री सिंह ने सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख-शांति, समृद्धि और झारखंड की उन्नति एवं विकास की मंगलकामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चूंदरूधाम न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा बल्कि यह स्थल आने वाले समय में पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण पहचान हासिल करेगा। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण समाज को ऊर्जा और एकजुटता प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सूर्य मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। इस दौरान मंच पर सिमरिया के विधायक उज्जवल दास, हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी, सिमरिया के पूर्व विधायक किशुन कुमार दास विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह और प्रेम विकाश, सुनील चौरसिया, अरुण सिंह क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी मौके पर मौजूद थे।

## बाइक सवार ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, घायल

**चतराः** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के सलगा गांव में बीते बुधवार की रात बाइक सवार एक युवक ने ने अनियंत्रित होकर खड़े ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युक्क गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक सलगा गांव के रंजन भुइयां 28 वर्ष पिता सुरेश भुइयां है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए गिद्धौर के निजी क्लीनिक ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। युवक को बाया पैर, हाथ तथा मुंह में चोट आई है। बताया गया कि युवक रखोतिया से अपना घर सलगा भुईयां टोली आ रहा था।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**चतराः** सिमरिया टंडवा पथ स्थित चौधरी होटल के पास गुरुवार की शाम सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक डाड़ी बकचोमा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार है। उसे ग्रामीण व परिजन की मदद से 108 एंबुलेंस से रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। इस घटना में युवक का गर्दन, दाहिना पैर और हाथ में गंभीर चोट लगी है। बताया जाता है कि युवक अपने घर से टंडवा की ओर जा रहा था। इस दौरान अज्ञात हाइवा ने अपने चपेट में ले लिया. जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## प्रतापपुर के हुमरा में एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब

**चतराः** प्रतापपुर प्रखंड के हुमरा गांव में पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने से पानी की किल्लत, मोबाइल चार्जिंग में दिक्कत और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बच्चे मजबूरन रात में मोमबत्ती और सोलर चार्ज लाइट के सहारे पढ़ाई कर रहे हैं। ग्रामीण विनय राय, सोनू राय, अजीत राय, सुरेमन राय, रामजी राय, रामराज राय, राजू राय, बढ़न भारती, रामबली भारती, बिरंती देवी और कृष्णा राय ने बताया कि हुमरा गांव में 62 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगा है, जो एक सप्ताह से खराब पड़ा है। है। इसकी सूचना कई बार बिजली विभाग के कर्मियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की गई है। गांव में लगभग 40 उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि गांव में 100 केवी का नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल की जाए।

## रक्षा राज्य मंत्री से मिले भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



**रांचीः** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमन कुमार सिंह ने गुरुवार को देश के रक्षा राज्य मंत्री व रांची के लोकप्रिय सांसद श्री संजय सेठ से उनके रांची स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।श्री सिंह ने झारखंड राज्य के महत्वपूर्ण विषय से संबंधित पत्र सौंपा एवं उसपर सकारात्मक चर्चा की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री सिंह ने राज्य में हो रहे बेतहाशा अफीम की तस्करी और अपराध व उग्रवाद की बढ़ती सक्रियता पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया। सुमन कुमार सिंह ने बताया कि रक्षा राज्य मंत्री ने उनकी बातों को काफी गंभीरता से लिया है एवं उसके उन्मूलन का आश्वासन दिया है।

रिनपास के 100 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने कहा-

# संस्थान में जल्द देखने को मिलेंगे कई बड़े बदलाव, सारी कमियां होंगी दूर

संवाददाता




**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइकेट्री एंड एलाइड साइंस ( रिनपास ) में जल्द कई बदलाव देखने को मिलेंगे। हेमंत सोरेन ने गुरूवार को यहां रिनपास के 100 वर्ष पूरा होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि रिनपास में आधारभूत संरचना तथा शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। यहां जो भी कमियां होगी, उसकी विस्तृत समीक्षा कर उसे दूर किया जाएगा। यहां मानसिक मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले, उनका अत्याधुनिक तरीके से इलाज की समुचित व्यवस्था हो, इस दिशा में राज्य सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सेवा, समर्पण और विश्वास के गौरवशाली सौ वर्ष पूरे होने पर रिनपास से जुड़े सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय रिनपास जैसे संस्थानों की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। जिस तरह लोग मानसिक अवसाद की गिरफ्त में आ रहे हैं। वैसे में उन्हें बेहतर काउंसलिंग और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। हालांकि , कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि उसे रिनपास जैसे संस्थान में आने की नौबत आए, लेकिन मानसिक परेशानी, मजबूरी और परिस्थिति कई लोगों को यहां तक आने को मजबूर करती है। ऐसे में यहां आने वाले मनोरोगी पूरी तरह स्वस्थ होकर जाएं, इसके लिए यहां इलाज की बेहतर से बेहतर व्यवस्था व्यवस्था की जाएगी।

घाटशीला उपचुनाव पर सस्पेंस खत्म

## झामुमो से सोमेश सोरेन तो भाजपा से बाबूलाल सोरेन मैदान में




संवाददाता

**रांचीः** झारखंड की राजनीति में बहुप्रतीक्षित घाटशीला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के निधन से खाली हुई इस सीट पर उनके पुत्र सोमेश सोरेन चुनावी मैदान में उतरेंगे। सोमेश ने कहा कि पिता के अधूरे सपनों को पूरा करना उनका दायित्व है और घाटशीला की जनता हमेशा की तरह इस बार भी उनके साथ खड़ी होगी।

हालांकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि टिकट सोमेश को ही मिलेगा। इसकी वजह झामुमो की पुरानी परंपरा भी है। गिरीडीह उपचुनाव में स्व. जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को टिकट देकर जीत दिलाई गई थी। वहीं, बेरमो उपचुनाव में कांग्रेस ने स्व. राजेंद्र सिंह के पुत्र अनूप सिंह को प्रत्याशी बनाया और उन्होंने विजय हासिल की। ऐसे में माना जा रहा है कि घाटशीला में भी यही परंपरा दोहराई जाएगी। इधर, भाजपा भी घाटशीला सीट को लेकर अपनी रणनीति तेज कर चुकी है। पिछले विधानसभा चुनाव में इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था और उन्हें करीब 75 हजार वोट मिले थे। भाजपा नेतृत्व एक बार फिर बाबूलाल पर दांव खेलने की तैयारी में है। कोल्हान क्षेत्र में चंपई सोरेन का प्रभाव गहरा रहा है, जिसे साधने की रणनीति भाजपा बना रही है। राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से घाटशीला उपचुनाव बेहद दिलचस्प होने जा रहा है। एक ओर झामुमो जहां भावनात्मक कार्ड के सहारे सोमेश सोरेन को उतार सकती है, वहीं भाजपा संगठन और क्षेत्रीय समीकरणों के दम पर बाबूलाल सोरेन को आगे कर कड़ी चुनौती देने की तैयारी में है। उपचुनाव की औपचारिक घोषणा होते ही दोनों दलों के बीच सियासी संग्राम और तेज हो जाएगा।



## दी ऑस्क फोर्ड पब्लिक स्कूल बांधडीह में करमा महोत्सव

**कसमारः** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बांधडीह में संचालित दी आस्क फोर्ड पब्लिक स्कूल में झारखंड की महत्वपूर्ण त्योहार करमा है । इस पर्व को बहने अपने भाइयों की सलामती के लिए, लंम्बी उम्र की दुआ कर्म गोसाई से मांगतीं है । दुसरी ओर झारखंड की प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए उपवास रखकर संकल्प लेती हैं। कर्म डाली की पूजा करती हुई झारखंड की प्रकृति, संस्कृति की पारंपरिक वेश-भूषा के अनुरूप नृत्य करते हैं। इसी परंपरा को भव्य रुप से प्रदर्शित करने का काम बांधडीह स्थित दी आस्क फोर्ड पब्लिक स्कूल के नन्हे छात्राओं ने की । उक्त बातें विधालय के निदेशक इब्राहिम अंसारी, प्रधानाध्यापक मशीर हुसैन ने कहा। करमा पर्व को पारंपरिक वेश-भूषा में प्रदर्शित करने का काम विधालय के छात्रा सोनाक्षी कुमारी,सम्रिता कुमारी,वर्षा कुमारी, नूरफातिमा , आइशा , आरोही कुमारी, सुक्रीति कुमारी, कुइसरा, अलिसवा, आरती कुमारी, माही मंडल,प्रज्ञा कुमारी, जाग्रीति कुमारी, मरियम, रिंकी कुमारी ने किया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नेहा कुमारी, दिप्ती प्रसाद, स्वर्ण निका मिस,खालिदा जिया,उषा कुमारी,निखत परवीन,रिंकी कुमारी,रिंकी प्रसाद, सतेंद्र कुमार, कौशल्या देवी,पूजा मिस ने सहयोग किया।

## हंटरगंज में केदार नाथ मंदिर की तर्ज पर बनेगा दुर्गा पूजा पंडाल



संवाददाता

**चतराः** हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप प्रांगण में दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गयी।बैठक की अध्यक्षता मुकेश कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया जबकि संचालन विनोद रजक ने किया।बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया । समिति की ओर से बताया गया कि इस वर्ष भव्य और आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जायेगा। पूजा पंडाल श्री केदारनाथ मंदिर के प्रारूप में तैयार किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि बंगाल के कारीगरों के द्वारा मां की प्रतिमा बनाया जा रहा है। इस वर्ष हंटरगंज प्रखंडवासियो के लिए काफी ही अनोखा पंडाल बनाया जायेगा जो आकर्षण का केंद्र बनेगा। बताते चलें कि यहां पर दुर्गा पूजा का आयोजन बीते कई वर्षो से किया जा रहा है। ग्राम वासियों के साथ प्रखंड वासियों का भी भरपूर सहयोग मिलता आ रहा है। और इस बार दुर्गा पूजा में और भी आकर्षक करने के लिए पूजा पंडाल को बेहतर ढंग से तैयार किया जायेगा। पूजा समिति ने बताया की पूजा पंडाल में आकर्षक विधुत सज्जा, आकर्षक डेकोरेशन समेत कई चीजे श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी उधर पूजा के सफल संचालन को लेकर पूजा कमिटी दिन रात कोष व्यवस्था के साथ तैयारियों मे लगे हुए है। वही बैठक में नई कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।नई कमिटी में अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष बंटी स्वर्णकार एवं संजय प्रसाद गुप्ता, सचिव मुकेश गुप्ता , कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता को बनाया गया । इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## ईद उल मिलाद शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शहर में फ्लैग मार्च

संवाददाता



**चतराः** शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद उल मिलाद संपन्न कराने व लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से गुरुवार को सदर थाना प्रभारी बिपिन कुमार के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से हुड़दंगियों को भी साफ संदेश दिया गया कि वह हुड़दंग करने का सोंचे भी नहीं। अधिकारियों ने शहर के चौक-चौराहों सहित शहर के सभी संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के माध्यम से असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों से सख्ती से निपटने को लेकर तैयारियों का प्रदर्शन किया। थाना प्रभारी बिपिन कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर पैनी नजर बनाए हुई है। त्योहार में किसी भी तरह का कोई विघ्न उत्पन्न नहीं हो, पुलिस अभी से ही उसकी तैयारी में जुटी है। फ्लैग मार्च के बाद पुलिस की टीम ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर ड्रोन कैमरा उड़ा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिन घरों के छतों पर इट्ट पत्थर जैसी वस्तु देखी गई उसे हटवाने का निर्देश दिया गया

# सांसद कालीचरण सिंह ने वीर ऑटोमोबाइल का किया उद्घाटन

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष के गये घर,शोक संतप्त परिवारों से की मुलाकात





संवाददाता

**चतरा :** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित मेन रोड पर बजाज कंपनी के वीर ऑटोमोबाइल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद ने संचालक सह चतरा सदर प्रखंड के देवरिया पंचायत के पूर्व मुखिया कुमार विवेक को बधाई और शुभकामनाएं दी। उद्घाटन समारोह की शुरूआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें सांसद ने नारियल फोड़ा और फीता काटकर शो रुम का शुभारंभ किया। उन्होंने व्यवसायिक सफलता और क्षेत्रवासियों की भलाई की कामना भी की। उद्घाटन के पश्चात सांसद को हंटरगंज प्रखंड के भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी के सुपुत्र के आकस्मिक निधन की दुखद सूचना मिली। इसके बाद सांसद तुरंत उनके निवास स्थान पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इसी दौरान सांसद को हंटरगंज प्रखंड के अशोक लाल के सुपुत्र साहिल कुमार के कुआं में डूबने से निधन की भी जानकारी मिली। सांसद ने तुरंत परिजनों से मुलाकात की और इस अपूरणीय क्षति पर उन्हें सांत्वना दी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, युवा नेता नितेश कुमार , मुन्ना कुमार, अरुण सिंह व अन्य लोग मौजूद थे।

# मामूली विवाद में दो पक्षों में भीषण झड़प करम पूजा समिति अध्यक्ष की पिटाई

**मेट्रो रेज**

रांचीः राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित काली मंदिर रोड गुरुवार रात दो गुटों के बीच मामूली विवाद ने अचानक उग्र रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते मामला हाथापाई से मारपीट में बदल गया।

घटना के बाद इलाके में देर रात तक तनाव का माहौल बना रहा और सैकड़ों लोग सड़कों पर डटे रहे। पुलिस के अनुसार वर्दमान कम्पाउंड में रहने वाले कुछ युवक इलाके में सामान लेने आए थे।गाड़ी खड़ी करने को लेकर उनकी पहले से मौजूद कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। बात



इतनी बढ़ गई कि मौके पर ही मारपीट शुरू हो गई। झगड़े की सूचना मिलते ही करम पूजा समिति के अध्यक्ष प्रवीण मौके पर पहुंचे। प्रवीण के पहुंचते ही मामला और गर्म हो गया।आरोप है कि कुछ युवकों ने उन्हें घेरकर बुरी तरह पीट दिया। इसके बाद प्रवीण ने अपने मोहल्ले और समिति के लोगों को बुलाया। कुछ ही देर में सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए, लेकिन इस बीच हमला करने वाले युवक भाग निकले।

घटना के बाद प्रवीण समर्थकों ने दावा किया कि हमलावर युवक विजय अग्रवाल के घर से संबंधित हैं। इसके बाद आक्रोशित लोग विजय अग्रवाल के घर के बाहर जमा हो गए और उन्हें बाहर बुलाने की मांग करने लगे।जब घरवाले बाहर नहीं निकले तो लोग सड़क पर ही बैठ गए। विजय अग्रवाल के घर के पास तोड़फोड़ कर दिया गया।

पुलिस की मौजूदगी के बावजूद बेकाबू रहा हालात घटनास्थल पर पुलिस पहले से मौजूद थी लेकिन सैकड़ों की भीड़ के आगे वह मूकदर्शक बनी रही। भीड़ का गुस्सा इस कदर था कि पुलिसकर्मियों से तीखी बहस तक हो गई।मामला बिगड़ता देख लालपुर थानेदार समेत अन्य थानों की पुलिस बुलाई गई। कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह भीड़ को समझा बुझाकर हालात को नियंत्रित किया।

**इलाके में तनाव पुलिस जांच में जुटी**

इस पूरी घटना के बाद काली मंदिर रोड और आसपास के क्षेत्रों में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने अब तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है लेकिन घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# ईद मिलादुन्नबी पर डोरंडा सीरत मैदान में जलसा आज

**संवाददाता**




**रांचीः** ईद मिलादुन्नबी पर मरकजी सीरत कमेटी की ओर से शुक्रवार को डोरंडा सीरत मैदान में जलसा का आयोजन किया जायेगा। मरकजी सीरत कमेटी डोरंडा के अध्यक्ष अशरफ अंसारी व सचिव मौलाना मनीरुद्दीन ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि सुबह सात बजे जुलूस-ए-मोहम्मदी मदरसा गौसिया मणिटोला से निकलकर डोरंडा के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए डोरंडा बाजार स्थित मरकजी सीरत कमेटी द्वारा आयोजित जलसा मैदान पहुंचेगा। सुबह नौ बजे से तकरीर शुरू होगा। सरपरस्ती मौलाना तौफीक कादरी, अध्यक्षता सैयद शाह अल्कमा शिबली करेंगे। मुफ्ती नेमतुल्लाह कादरी बरैली (यूपी), नातखां अरशद एकबाल सीवानी (बिहार) व संचालन मनव्वर सैफी यूपी करेंगे। वहीं, रांची से आने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल लोगों का यूनुस चौक सहित डोरंडा के विभिन्न क्षेत्रों में स्वागत किया जायेगा। कार्यक्रम का दूसरा चरण के बाद नमाज असर पांच बजे से रात आठ बजे तक चलेगा। यह कार्यक्रम सिर्फ महिलाओं के लिए होगा। इसमें आलिमा शहाना नूरी छत्तीसगढ़, आलिमा व फाजिला अस्मत अंबरी व नाजनीन फातिमा रांची के साथ-साथ अन्य जिलों से आयीं महिला आलिमाओं द्वारा तकरीर किया जायेगा। कार्यक्रम का तीसरा चरण के बाद नमाज इशा रात्रि नौ से दो बजे तक चलेगा। जलसे की शुरूआत तेलावते कलाम पाक से की जायेगी। सलातो-सलाम व सामूहिक दुआ के बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

# पूर्व विधायक पूर्णिमा सिंह के खिलाफ शिकायत, नीरज सिंह हत्याकांड को लेकर आये कोर्ट के फैसले पर की थी टिप्पणी

**संवाददाता**

**रांची/धनबादः** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या मामले में कोर्ट के फैसले के खिलाफ पूर्व विधायक कानूनी दांवपेच में फंस सकती हैं। दरअसल धनबाद में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। न्यायालय के आदेश के खिलाफ पूर्व विधायक की प्रतिक्रिया को लेकर वकील वकार अहमद ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने पूर्व विधायक को आरोपी बनाया है।

**नीरज सिंह हत्याकांड में पूर्व विधायक संजीव सिंह बरी,आठ साल बाद आया कोर्ट का फैसला**



**साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने फैसला सुनायाः** अधिवक्ता शिकायत करने वाले अधिवक्ता ने कहा कि न्यायालय सभी साक्ष्यों के आधार पर अपना फैसला देती है। नीरज सिंह हत्याकांड में भी कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर अपना फैसला सुनाया था।साक्ष्य के अभाव में सभी लोगों को बरी किया था, लेकिन नीरज सिंह हत्याकांड में न्यायालय के दिए गए फैसले पर पूर्व विधायक की ओर से सार्वजनिक रूप से टिप्पणी की गई, जो सही नहीं है।

**अदालत के निर्णय के खिलाफ पूर्व विधायक ने निकाली थी रैली**

फैसले के विरोध में पूर्व विधायक ने आक्रोश रैली निकाली थी, जिसमें न्यायाधीश के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया था। सोशल मीडिया पर भी मैसेज पोस्ट किया था। उनके इस कृत से अधिवक्ताओं में नाराजगी है। इसे लेकर न्यायालय में पूर्व विधायक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। इस मामले की सुनवाई शनिवार को होगी।

**क्या है पूरा मामला?**

दरअसल नीरज सिंह हत्याकांड में 27 अगस्त 2025 को जिला एवं सत्र न्यायाधीश 16 एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी ने मामले में आरोपी पूर्व विधायक संजीव सिंह समेत दूसरों को बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ स्व। नीरज सिंह की पत्नी और पूर्व विधायक ने सड़क पर विरोध मार्च निकाला था। यही नहीं उन्होंने अपने बयान में न्यायाधीश के खिलाफ अमर्यादित भाषा का भी इस्तेमाल किया था। मीडिया को बयान देने के साथ ही पूर्व विधायक ने सोशल मीडिया पर अपने विवादित बयान को पोस्ट किया था।

## एचईसी में थर्मल पावर प्लांट उपकरण निर्माण की तैयारी, कर्मचारियों में उत्साह

**रांचीः** हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) एक बार फिर औद्योगिक हलचल का केंद्र बनने जा रहा है। आने वाले दिनों में यहां थर्मल पावर प्लांट के लिए उपकरण का निर्माण होगा। यह पहला मौका होगा जब एचईसी इस तरह की परियोजना पर काम करेगा। इस कदम से न केवल संस्थान की साख मजबूत होगी बल्कि कर्मचारियों और स्थानीय युवाओं के लिए भी नए अवसर खुलेंगे। एचईसी प्रबंधन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, भेल के सीएमडी सह एचईसी के प्रभारी ने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया है। बताया गया है कि एचईसी की खासियत यह है कि यहां कास्टिंग, फोर्जिंग और मशीनिंग जैसी सुविधाएं एक ही जगह मौजूद हैं।

# करम डाली विसर्जन के साथ करम महोत्सव का समापन



**रांचीः** चडरी सरना समिति द्वारा करम पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। गुरुवार को इसके तहत करम राजा को चडरी गांव के सभी घरों में भ्रमण कराया गया। चडरी के पाहन राहुल मुंडा, बिल्लू मुंडा, छोटू मुंडा, विकास मुंडा, आकाश मुंडा व पनभौरा दीपक मुंडा द्वारा रीति-रिवाज के साथ पूजा-पाठ किया गया। माता-बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना की। विसर्जन जुलूस निकाला गया। विसर्जन जुलूस लाइन टैंक तालाब पहुंचा। करम डाली का विसर्जन किया गया। मौके पर बबलू मुंडा, सुरेंद्र लिंडा, कुमोद कुमार वर्मा, सबलू मुंडा, प्रेम लिंडा, विक्की मुंडा, संजय नायक, अमन दीप मुंडा, संजय लकड़ा, दुर्गा तिर्की, सागर भगत, चंदू भगत व अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से, कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**संवाददाता**

**रांचीः** प्रदेश भाजपा की ओर से 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक पूरे राज्य में सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा। इसके तहत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। साथ ही बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जायेगा। इसके अलावा प्रदेश भर में स्वास्थ्य शिविर प्रबुद्ध जन सम्मेलन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चित्र प्रदर्शिनी, प्रबुद्ध जन सम्मेलन, मंडल स्तर पर रक्तदान शिविर, पौधरोपण, विशिष्ट जन सम्मान कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सभी संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल प्रतियोगिता भी



आयोजित होगी। गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर आयोजित कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद राधामोहन अग्रवाल ने कहा कि17 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिन है। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय व दो अक्टूबर को महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती है। उन्होंने कहा कि यह अद्भुत संयोग है कि इस पखवाड़े में जन्म लेने वाले सभी महापुरुष अंत्योदय के पथिक हैं। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यकताओं से कार्यक्रम में रिकॉर्ड स्तर पर जन भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।

# जीएसटी में राहत का एलान भाजपा का चुनावी हथकंडा : झामुमो

**रांचीः**झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने केंद्र सरकार के जीएसटी में राहत के एलान को चुनावी हथकंडा बताते हुए कहा कि यह कदम जनता के हित में नहीं, बल्कि भाजपा की मजबूरी है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर यह राहत वास्तव में जरूरी थी, तो पिछले सात वर्षों से जनता पर तथाकथित गब्बर सिंह टैक्स क्यों थोपा गया? श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि वर्षों तक दाल-चावल, बच्चों की कॉपी-किताब, दवा और कृषि उपकरणों पर टैक्स वसूलने का हिसाब कौन देगा।



जब जनता महंगाई से त्रस्त है, तो पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतें क्यों नहीं घटायी गयीं? बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर केंद्र की चुप्पी क्यों है? उन्होंने सवाल किया कि जब किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी मांग रहे थे, तब केंद्र पीछे क्यों हटा।

केंद्र ने लगातार जनकल्याणकारी मदों में कटौती कीउन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने लगातार जनकल्याणकारी मदों में कटौती की। मनरेगा का बजट घटाकर गरीबों की जीवनरेखा कमजोर की गयी। जबकि, झारखंड सरकार अबुआ आवास, अबुआ स्वास्थ्य, सर्वजन पेंशन और मंईयां सम्मान जैसी योजनाओं के जरिये गरीबों और जरूरतमंदों को राहत पहुंचा रही है। खाद्य सुरक्षा मद में कटौती के बावजूद हेमंत सरकार ने हर घर को पांच किलो अतिरिक्त चावल देने का फैसला किया। श्री पांडेय ने कहा कि बेरोजगारी चरम पर होने के बावजूद केंद्र नौकरियां देने में विफल रहा, जबकि राज्य सरकार ने सहिया साथी, फेलोशिप और रोजगार सृजन योजनाओं पर गंभीरता से काम किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा चुनाव आते ही राहत के नाम पर खोखले तोहफे देती है, लेकिन असलियत यह है कि जनता की जेब लगातार काटी गयी। भाजपा का राहत पैकेज सिर्फ चुनावी छलावा है।

## रांची रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल ?

**रांची :** राजधानी के रांची रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्टेशन परिसर में रोड से सीधे स्टेशन में प्रवेश दिलाने वाले फ्लाईओवर पर न तो सुरक्षा जांच की कोई व्यवस्था है और न ही यात्रियों के सामान की जांच होती है। जानकारी के अनुसार, फ्लाईओवर पर लगे लगेज स्कैनर मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है, जिसके चलते यात्रियों का सामान बिना जांच के स्टेशन परिसर में पहुंच रहा है। इसके अलावा, वहां किसी भी अधिकारी या टीटीई की तैनाती नहीं रहती, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी करना मुश्किल हो रहा है।

# रोबोटिक्स पर दो दिवसीय कार्यशाला

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** रोबोज एनआईटी में आज दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। स्कूल के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमे बच्चों को रॉबिटिक्स की जानकारी दी गई। यह आयोजन विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी के प्रेसिडेंट आनंद ने रोबोज एनआई टी के संचालक साहिल ज्ञान एवं अनुपम बिसुरीन से बात कर उनके सेन्टर में आयोजित किया। रोबोज एनआईटी की टीम ने सभी बच्चों को ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में विस्तार से बताया। ज्ञात हो की रोबोज एनआईटी ने 2024 में स्टार्टअप में रजिस्ट्रेशन कराया है जो रोबोटिक्स में झारखंड का पहली स्टार्टअप कंपनी है। उन्होंने बच्चों को एडाश टेक्नोलॉजी की भी जानकारी दी। बच्चों ने रोबोज एनआईटी द्वारा बनाए गए किट पर प्रैक्टिकल भी करके देखा। होम ऑटोमेशन, सिक्योरिटी सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी इत्यादि की जानकारी दे गई। साथ ही उन्होंने प्रैक्टिकल भी करके देखा। अनुपम ने बताया कि आने वाले समय में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुमति मिलने पर कंपनी ऐसी कार्यशाला का आयोजन करने में सक्षम हैं। वर्तमान समय में स्टेम



एजुकेशन बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण अंग बन गई है। स्टेम एजुकेशन के अंतर्गत अगर हम रोबोटिक को भी सम्मिलित कर लेते हैं तो यह बच्चों के सर्वांगिक विकास में सहायक होगी। जो बच्चों को अपने आगे के करियर को ऑप्ट करने में सहायक प्रदान करेगी। इस कार्यशाला के आयोजन के लिए सोसाइटी के सदस्यों ने प्रबंधक को धन्यवाद दिया। भविष्य में ऐसी कार्यक्रम को करवाने की रूपरेखा पर प्रबंधक एवं सोसाइटी की सेक्रेटरी रेखा देव ने विचार विमर्श किया गया। इस तरह के कार्यक्रम का जल्दी दोबारा आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में पॉवर हाउस, घाघरा, अपर चुटिया के बच्चे शामिल थे। मयंक, रूपाली, रुचिका, पीहू, प्रीति, कार्तिक, माही, मानसी, प्रिय, स्वीटी, आंचल व अन्य उपस्थित थे।

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें, त्योहारों में रांची से होकर चलेंगी 12 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

**संवाददाता**

**रांचीः** त्योहारों को देखते हुए समय से पहले ही रेलवे प्रशासन ने स्पेशल ट्रेनों को चलाने की घोषणा कर दी है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए 12 स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। अधिकतर ट्रेनें दक्षिण भारत से बिहार को जोड़ने वाली हैं, जो वाया रांची होकर चलेंगी। इसके बाद ओडिशा और पश्चिम बंगाल को फोकस करते हुए ट्रेनें दी गई हैं। रांची से चलने वाली हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन का पारंपरिक कोच हटाकर एलएचबी कोच लगाकार परिचालन की भी घोषणा कर दी गई है। यह ट्रेन पहले से ज्यादा सुविधाजनक, सुरक्षात्मक उपकरण और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसलिए इस बार यात्रियों को ज्यादा परेशानी नहीं होगी।

फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

**रांची-आनंद विहार टर्मिनल**

दीपावली-छठ स्पेशल यह ट्रेन 17 से 31 अक्तूबर तक प्रत्येक शुक्रवार को रांची से रात 11.55 बजे रवाना होगी, जो मुरी, बरकाकाना, गढ़वा रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज, गोविंदपुरी व कानपुर होते हुए रविवार सुबह तीन बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

**आनंद विहार टर्मिनल रांची**

दीपावली-छठ स्पेशल ट्रेन 19 अक्तूबर से दो नवंबर तक प्रत्येक



रविवार को आनंद विहार से सुबह चार बजे रवाना होगी, जो सोमवार सुबह पांच बजे रांची पहुंचेगी। इस ट्रेन में 20 कोच होंगे।

**अजमेर-रांची स्पेशल ट्रेन**

26 सितंबर से 28 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को अजमेर से रात 11.05 बजे रवाना होगी, जो जयपुर, कटनी मुड़वारा, चोपन, डालटनगंज, टोरी, लोहरदगा होते हुए रविवार सुबह 7.30 बजे रांची पहुंचेगी।

**रांची-अजमेर स्पेशल ट्रेन**

28 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक रविवार को रांची से रवाना होगी। यह रांची से सुबह 9.15 बजे रवाना होगी और सोमवार शाम 6.35 बजे अजमेर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 20 कोच होंगे।

**संतरागाछी-अजमेर-सांतरागाछी**

साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन वाया रांची 24 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को संतरागाछी और 27 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को अजमेर से रवाना होगी।

**पटना-चर्लपल्ली-पटना**

द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन वाया रांची 29 सितंबर तक प्रत्येक सोमवार और बुधवार को पटना से और 1 अक्तूबर तक प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को चर्लपल्ली से रवाना होगी।

**भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर**

फेस्टिवल वाया रांची स्पेशल ट्रेन 30 नवंबर तक प्रतिदिन भुवनेश्वर से और एक दिसंबर तक प्रतिदिन धनबाद से रवाना होगी।

**कोयंबटूर-धनबाद-कोयंबटूर**

साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन वाया रांची पांच सितंबर से 28 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को कोयंबटूर से और एक दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार को धनबाद से रवाना होगी।

**पोत्तनूर-बरौनी-पोत्तनूर स्पेशल वाया रांची**

छह सितंबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को पोत्तनूर से और नौ सितंबर से दो दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को बरौनी से रवाना होगी।

**चर्लपल्ली-रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन**

छह अक्तूबर से 24 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को चर्लपल्ली से और नौ अक्तूबर से 27 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को रक्सौल से रवाना होगी।

**रांची-गोरखपुर-रांची**

साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 18 अक्तूबर से 1 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को रांची से और 19 अक्तूबर से दो नवंबर तक प्रत्येक रविवार को गोरखपुर से रवाना होगी।

**दुर्ग-पटना-दुर्ग**

फेस्टिवल स्पेशल वाया रांची यह ट्रेन 19 और 20 अक्तूबर को चलेगी। दुर्ग से यह ट्रेन रविवार को एक ट्रिप दोपहर 2.50 बजे रवाना होगी और हटिया रात 2.15 और रांची 2.40 बजे पहुंचेगी। जबकि, पटना दोपहर 3.40 बजे पहुंचेगी। दुर्ग से यह ट्रेन सोमवार को एक ट्रिप रवाना होगी। यह रात 11.20 बजे रवाना होगी और रांची सुबह 7.5 बजे पहुंचेगी। जबकि, पटना शाम छह बजकर 10 मिनट में पहुंचेगी।

**इन ट्रेनों को एलएचबी कोच में तब्दील किया गया**

हटिया-पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस में पारंपरिक रैक को एलएचबी कोच रेक में परिवर्तित किया गया है। हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस में 15 सितंबर से और पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस से 16 सितंबर से एलएचबी कोच में तब्दील किया जाएगा। इसके साथ कोच की संख्या 22 होगी।

**जनवरी-जुलाई तक 110 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलीं:** रांची रेलमंडल के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जुलाई 2025 में मंडल रेलवे द्वारा 110 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा चुका है। इसके अलावा विभिन्न गंतव्यों के लिए 551 ट्रेनों में 772 अतिरिक्त कोच जोड़ा जा चुकी है।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## अमेरिका, भारत-रूस और तेल व्यापार

आज की दुनिया में ऊर्जा सिर्फ एक वस्तु नहीं है, बल्कि हर देश की आर्थिक रीढ़ और सामरिक शक्ति का आधार है। तेल और गैस वैश्विक राजनीति के सबसे अहम औजार बन चुके हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाए, लेकिन इसने रूस को रोकने के बजाय उसे नए बाजारों की ओर मोड़ दिया। भारत और चीन जैसे बड़े उपभोक्ता देशों के लिए यह एक अवसर बनकर आया। भारत, जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, उसने रूस से रिकॉर्ड स्तर पर सस्ता कच्चा तेल खरीदना शुरू किया। आज यही बात अमेरिका को खटक रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25% से बढ़ाकर 50% तक अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, सिर्फ इसलिए कि भारत अपनी जनता और उद्योग को रूस से सस्ता तेल खरीदकर राहत दे रहा था। जबकि चीन, जो रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है, उस पर अमेरिका ने अपेक्षाकृत नरमी बरती। यही नहीं, चीन के रिफाइनर रूस से पश्चिमी हिस्से का यूराल तेल खरीदकर और भी फायदा उठा रहे हैं। अगस्त 2025 के आँकड़ों के अनुसार, चीन ने लगभग 75,000 बैरल प्रतिदिन यूराल तेल खरीदा, जबकि उसका औसत पहले 40,000 बैरल था। दूसरी तरफ, भारत का आयात घटकर 4 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जबकि पहले यह 11.8 लाख बैरल प्रतिदिन था।

आज भारत के लिए रूस से तेल खरीदने के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला, कीमत। जब पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए, तो रूस ने तेल पर भारी छूट देनी शुरू की। 2022झ23 में रूस भारत को 20 लाख बैरल प्रतिदिन तक तेल बेच रहा था, और यह तेल मध्य पूर्व की तुलना में 20झ30 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था। दूसरा कारण है ऊर्जा सुरक्षा। भारत की कुल ऊर्जा खपत का 85% हिस्सा आयात से आता है। ऐसे में सस्ती सप्लाई पाना भारत के लिए सिर्फ विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता थी। अगर अमेरिका यह कहता है कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है, तो इसमें गलत क्या है? क्या अमेरिका की तेल कंपनियाँ केवल मानव सेवा के लिए काम करती हैं? क्या अमेरिकी शेल ऑयल इंडस्ट्री सिर्फ घाटे में चलाने के लिए बनाई गई है? बिल्कुल नहीं। दुनिया का हर देश और हर कंपनी मुनाफे के लिए ही काम करती है, फिर भारत के मुनाफे पर अमेरिका की आपत्ति क्यों? व्हाइट हाउस के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत की तेल खरीद को कहा। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने तो यहाँ तक कह दिया कि भारत रूसी तेल खरीदकर सिर्फ अमीर भारतीय परिवारों को फायदा पहुँचा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत ने 16 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त मुनाफा कमाया है। लेकिन अगर यही तर्क मान लिया जाए, तो अमेरिका की शेल गैस कंपनियाँ, तेल निर्यातक, हथियार निमार्ता और फार्मा कंपनियाँ भी तो मुनाफा ही कमा रही हैं। तो फिर भारत के मुनाफे पर इतनी तकलीफ क्यों? असलियत यह है कि अमेरिका दुनिया की ऊर्जा राजनीति पर अकेले अपना दबदबा बनाए रखना चाहता है। यहाँ यह भी समझना जरूरी है कि भारत की रूस पर निर्भरता कोई स्थायी नहीं है, बल्कि व्यावहारिक है। भारत 2021 तक रूस से अपनी जरूरत का केवल 1% से भी कम तेल खरीदता था। लेकिन पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने डिस्काउंट देना शुरू किया और भारत ने इसका फायदा उठाया। इससे भारतीय जनता को महंगे पेट्रोल-डीजल से कुछ राहत मिली और रिफाइनरी कंपनियों को भी प्रतिस्पर्धी बढ़त मिली। लेकिन जैसे ही अमेरिका ने दबाव बनाया और टैरिफ बढ़ाया, भारत की खरीद कम हो गई। परिणाम यह हुआ कि चीन ने यह अवसर तुरंत लपक लिया और रूस से ज्यादा तेल खरीदना शुरू कर दिया। क्या अमेरिका को इस पर आपत्ति है? नहीं। क्यों? क्योंकि चीन से टकराने की अमेरिका की हिम्मत नहीं है। अमेरिका की नीति का एक और पहलू यह है कि वह भारत पर दबाव डालकर अपने तेल को बेचने का रास्ता साफ करना चाहता है। आंकड़े बताते हैं कि 2025 की पहली छमाही में भारत का अमेरिका से तेल आयात 51% बढ़कर 2.71 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुँच गया था, सबसे बड़ी बात यह है कि यह वृद्धि 2024 की पहली छमाही में 1.8 लाख बैरल प्रति दिन की तुलना में काफी अधिक है, फिर भी उसका मन नहीं भर रहा है। यानी, अमेरिका चाहता है कि भारत किसी भी सूरत में रूस से तेल न खरीदे और मजबूरी में उससे खरीदे। यह एक प्रकार का आर्थिक ब्लैकमेल है। भारत को सस्ते विकल्प छोड़कर महंगे विकल्प अपनाने के लिए मजबूर करना किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। भारत सरकार ने अमेरिका की इस नीति का विरोध भी किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत की तेल खरीद जरूरत के हिसाब से है, और पश्चिमी देश खुद भी रूस से कुछ व्यापार जारी रखे हुए हैं। यानी, जो काम अमेरिका और यूरोप खुद करें तो सही, लेकिन भारत करे तो गुनाह। भारत ने साफ कर दिया है कि वह अपनी जनता को सस्ता ऊर्जा स्रोत देने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। यही भारत का अधिकार है और यही किसी भी संप्रभु राष्ट्र की स्वतंत्रता का हिस्सा है। आज जिस तरह के आंकड़े सामने आ रहे हैं, उससे पता चलता है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और अन्य निजी कंपनियाँ भी रूस से तेल खरीदकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पाद बेच रही हैं। इससे भारत को विदेशी मुद्रा आय हुई है। अगर चीन यही काम करे तो उसे ॄव्यापारिक चतुराईॄ कहा जाता है, लेकिन भारत करे तो उसे ॄखतरनाकॄ कहा जाता है। यह भेदभाव अब दुनिया की नजर से छिपा नहीं है। वस्?तुतः अमेरिका यह चाहता है कि ऊर्जा संसाधनों का उपयोग उसकी विदेश नीति के औजार के रूप में हो। रूस को कमजोर करना, चीन को नियंत्रित करना और भारत को अपने खेमे में बनाए रखना, यह उसकी रणनीति है। लेकिन नया विश्व, जिसे हम कहते हैं, अब इस दबाव को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। भारत, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश अब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। इन देशों की आवाज अब संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे मंचों पर गूंज रही है। तेल पर प्रतिबंध लगाना या टैरिफ के माध्यम से दबाव बनाना वास्तव में विकासशील देशों को पीछे धकेलना है। ऊर्जा के बिना विकास असंभव है। यदि भारत को सस्ता तेल रूस से मिलता है, तो इससे उद्योग को राहत मिलेगी, महंगाई नियंत्रित होगी और विकास तेज होगा। अमेरिका का यह कहना कि भारत मुनाफा कमा रहा है, दरअसल उसकी अपनी खीझ का परिणाम कहा जा सकता है। अमेरिका को आज यह स्वीकार करना होगा कि हर देश अपने हित में काम करता है। भारत का रूस से तेल खरीदना न तो अनुचित है और न ही गैरकानूनी। यह पूरी तरह व्यावहारिक और आवश्यक कदम है। इसलिए अमेरिका को भारत की तेल खरीद पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

# आम आदमी : मोदी सरकार और जीएसटी सुधार

> नए बदलाव का सबसे बड़ा असर आम परिवारों की जेब में महसूस होगा। अब दूध, रोटी, पिज्जा ब्रेड, पराठा, छेना जैसी आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर कोई कर नहीं लगेगा। जीवन रक्षक दवाओं और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को भी टैक्स से मुक्त किया गया है। इससे लाखों परिवारों को स्वास्थ्य खर्च के बोझ से बड़ी राहत मिलेगी। बीमा सेवाओं को जीएसटी से मुक्त करने का असर व्यापक होगा।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

कर सुधार किसी भी राष्ट्र की आर्थिक दिशा और विकास की गति तय करते हैं। भारत जैसे विशाल और विविधता भरे देश में कर ढांचा हमेशा से बहस और सुधार का विषय रहा है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद भी यह शिकायत लगातार बनी रही कि कर संरचना जटिल है और आम आदमी से लेकर छोटे कारोबारियों तक सबके लिए यह बोझिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रबंधन में अब यह तस्वीर बदल रही है। हाल ही में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों से जीएसटी को सरल, पारदर्शी और आमजनहितकारी स्वरूप दिया गया है, जिसने करोड़ों भारतीयों को राहत की नई उम्मीद दी है।

### दो दरें, अधिक पारदर्शिता, सीधी राहत

मोदी सरकार ने चार स्लैब की जटिलता खत्म कर केवल दो दरों झ 5% और 18% को लागू किया है। रोजमर्रा की वस्तुएं, स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा टैक्स से मुक्त कर दी गई हैं। वहीं तंबाकू और लग्जरी वस्तुओं पर 40% कर लगाया गया है। यह कदम बताता है कि सरकार की प्राथमिकता गरीब और मध्यम वर्ग की जेब पर बोझ घटाना है, जबकि अपव्ययकारी उपभोग और अस्वस्थ आदतों को हतोत्साहित करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में यह वादा किया था कि देशवासियों को दिवाली से पहले ॄनेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्सॄ का तोहफा मिलेगा। आज यह वादा हकीकत बन चुका है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे किसान, मध्यम वर्ग, महिला, युवा और छोटे व्यवसाय सभी को लाभ होगा।

### आम आदमी को मिली सच्ची राहत

नए बदलाव का सबसे बड़ा असर आम परिवारों की जेब में महसूस होगा। अब दूध, रोटी, पिज्?जा ब्रेड, पराठा, छेना जैसी आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर कोई कर नहीं लगेगा। जीवन रक्षक दवाओं और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को भी टैक्स से मुक्त किया गया है। इससे लाखों परिवारों को स्वास्थ्य खर्च के बोझ से बड़ी राहत मिलेगी। बीमा सेवाओं को जीएसटी से मुक्त करने का असर व्यापक होगा। पहले स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर 18% जीएसटी लागू होता था, जिससे प्रीमियम महंगा हो जाता था। अब यह हट जाने से बीमा हर वर्ग की पहुंच में आएगा और स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा व्यापक होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट कहा कि व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसी, चाहे वह टर्म लाइफ हो, यूलिप हो या एंडोमेंट पॉलिसी, और सभी व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा। कहना होगा कि यह कदम प्रधानमंत्री मोदी की उस दृष्टि को पुष्ट करता है, जिसमें हर भारतीय परिवार को आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा देने का संकल्प शामिल है।

### लग्जरी और तंबाकू पर सख्ती से सामाजिक संदेश

जहां आम आदमी को राहत दी गई है, वहीं सरकार ने तंबाकू, पान मसाला, बड़ी कारें, यॉट और हैवी मोटरसाइकिलों पर 40% कर लगाकर स्पष्ट संदेश दिया है। यह केवल राजस्व संग्रह बढ़ाने का प्रयास नहीं है, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी भी है कि विलासिता और अस्वास्थ्यकर उत्पादों पर कर बोझ बढ़ेगा। यह दृष्टिकोण मोदी सरकार की उस नीति को रेखांकित करता है जिसमें गरीब और मध्यम वर्ग की जरूरतें सर्वोपरि हैं। अमीर वर्ग को राहत देने की बजाय सामाजिक संतुलन और आर्थिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करना ही सरकार का मूल संदेश है।

### छोटे कारोबारियों को बड़ी मजबूती

भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ छोटे और मझोले व्यवसाय (एमएसएमई) हैं। पहले जटिल जीएसटी ढांचे के कारण इन्हें अनुपालन में कठिनाई होती थी। अब केवल दो स्लैब होने से टैक्स प्रणाली सरल होगी, व्यापारियों का विश्वास बढ़ेगा और कारोबार करना आसान होगा। इससे ॄएंरी ङ्ग ऊङ्कल्लॅ इ४२ल्ली२२ॄ को बल मिलेगा, छोटे व्यापारियों की लागत घटेगी और नए रोजगार सृजित होंगे। प्रधानमंत्री मोदी का ॄवोकल फॉर लोकलॄ और ॄआत्मनिर्भर भारतॄ का आह्वान इन्हीं सुधारों से वास्तविक ताकत प्राप्त करता है।

### वैश्विक दबावों के बीच आत्मनिर्भरता की राह

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था संरक्षणवाद और टैरिफ युद्धों से प्रभावित है। ऐसे समय में भारत ने घरेलू खपत को बढ़ावा देने की रणनीति अपनाई है। फिच सॉल्यूशंस की बीएमआई रिपोर्ट के अनुसार, इन सुधारों से खपत में लगभग 5.31 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि होगी, जो जीडीपी का 1.6% है। यह केवल कर सुधार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निर्णायक कदम है। आंतरिक मांग पर आधारित विकास रणनीति से बाहरी झटकों का असर सीमित होगा और भारत विश्व अर्थव्यवस्था में स्थिर और मजबूत भागीदार बनेगा।

### भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा

भारत ने 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद कर प्रणाली अत्यंत आवश्यक है। नए जीएसटी सुधार विदेशी निवेशकों के लिए भारत को और आकर्षक बनाएंगे। दूसरी ओर घरेलू खपत बढ़ने से जीडीपी में तेजी आएगी। उम्?मीद करें कि केंद्र-राज्यों के बीच सहमति से लागू यह सुधार संघीय ढांचे की मजबूती का प्रमाण बनेंगे। 56वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने 12% और 18% वाले स्लैब खत्म कर दिए। कई दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर जीएसटी घटाकर 5% कर दिया गया। 33 जीवन रक्षक दवाओं को पूरी तरह जीएसटी मुक्त कर दिया गया, जिनमें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोगी दवाएं शामिल हैं। मेडिकल ऑक्सीजन, थमार्मीटर, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और चश्मों पर भी टैक्स घटाकर 5% कर दिया गया। यह निर्णय स्वास्थ्य क्षेत्र को किफायती और सुलभ बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सीतारमण ने यह भी कहा कि इंश्योरेंस और हेल्थकेयर से जुड़े सुधार आम आदमी की जेब में सीधी राहत देंगे और बीमा कवरेज का दायरा व्यापक बनाएंगे। यह कदम ॄसर्वजन हिताय, सर्वजन सुखायॄ की भावना को दशार्ता है। कुल मिलाकर यहां यही कहना होगा कि जीएसटी सुधार केवल तकनीकी बदलाव नहीं है। यह भारत की नई आर्थिक सोच का प्रतीक है, जिसमें विकास और सामाजिक न्याय दोनों समानांतर चलते हैं। मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीतियां गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे कारोबारियों के लिए हैं, न कि केवल अमीरों और बड़े उद्योगपतियों के लिए। प्रधानमंत्री मोदी का यह विश्वास कि ॄविकास और सामाजिक न्याय साथ-साथ चल सकते हैंॄ अब ठोस रूप में सामने है।\

# समाज के प्रकाश स्तम्भ होते हैं शिक्षक

> 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के लिए रूप में मनाया जाता है। हर देश में शिक्षक दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितम्बर तो अमेरिका में 6 मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्तूबर और पाकिस्तान में 5 अक्तूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है।

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे देश में शिक्षकों को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है। इसीलिए प्रतिवर्ष शिक्षक को सम्मान देने के लिए 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के लिए रूप में मनाया जाता है। हर देश में शिक्षक दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितम्बर तो अमेरिका में 6 मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्तूबर और पाकिस्तान में 5 अक्तूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा ओमान, सीरिया, मिस्र, लीबिया, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सऊदी अरब, अल्जीरिया, मोरक्को और कई इस्लामी देशों में 28 फरवरी को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन भारत में शिक्षक दिवस को दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में 5 सितंबर को मनाया जाता है। शिक्षक हमें जीवन में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल देते हैं। शिक्षक हमारे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। हमें एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं और कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। शिक्षक छात्र के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान




अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है। हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक ही उसे शिक्षित करता ही है और अच्छे-बुरे का ज्ञान कराता है। पहले के समय में छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है- गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है। हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सफलता प्राप्ति के लिये वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढ़ालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया है:-ॄगुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट कबीर दास जी कहते हैं कि शिक्षक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है। भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 1962 से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। डॉ राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था। वर्तमान समय में शिक्षकों का समाज में सम्मान कम होने लगा है। बहुत से शिक्षकों की घटिया हरकतों ने उनको समाज की नजरों से गिरा दिया है। स्कूल, कालेजों में छात्र, छात्राओं के साथ शिक्षकों द्वारा नीच हरकते करने के चलते शिक्षण जैसा पवित्र कार्य बदनाम होता जा रहा है। मौजूदा दौर में शिष्य भी कुछ कम नहीं हैं। छात्रों की अनुशासनहीनता के चलते स्कूल, कालेजों में शिक्षा का वातावरण समाप्त होता जा रहा है। गुरू-शिष्य को एक-दूसरे की भावनाओं को समझ कर मिलजुल कर ज्ञान की ज्योति जलानी होगी। शिक्षक दिवस मनाने के साथ हमें शिक्षण कार्य की पवित्रता को फिर से बहाल करने की प्रतिज्ञा भी लेनी होगी। तभी हमारा शिक्षक दिवस मनाना सार्थक हो पायेगा।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# 7 सितंबर से 21 सितंबर तक चलेगा पितृपक्ष

देवी-देवताओं के अलावा पितर भी हमारे जीवन के लिए, मंगलकार्यों के लिए बहुत जरूरी हैं। हमारे ये पूर्वज पितृ लोक में वास करते हैं और श्राद्ध पक्ष के 15 दिनों के लिए वे धरती पर आते हैं। इसीलिए उनकी आत्मा की शांति के लिए तर्पण, अर्पण और दान देने की परंपरा है। ऐसा करने से पितरों की आत्मा तृप्त होती है और उन्हें मोक्ष मिलता है। वह हमें आशीर्वाद देकर जाते हैं। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि इस बार पितृ पक्ष का आरंभ 7 सितंबर से हो रहा है और 21 सितंबर तक चलेगा। लेकिन पूर्णिमा का श्राद्ध 7 सितंबर को होगा और उसी दिन साल का अंतिम चंद्र ग्रहण भी लगेगा। भारत में चंद्र ग्रहण दिखाई देगा इस कारण सूतक लगेगा। ये चंद्र ग्रहण भारत में दिखेगा। यूरोप, एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, प्रशांत, अटलांटिक, हिंद महासागर, आर्कटिक और अंटार्कटिका में भी यह दिखेगा। पितृपक्ष में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध और तर्पण आदि क्रम किए जाते हैं। पितृ पक्ष के दौरान पितर लोक से पितर धरती लोक पर आते हैं। इसलिए इस दौरान उनके नाम से पूजा पाठ करना उनकी आत्मा को शांति देता है। साथ ही उन्हें मोक्ष मिलता है। पितृपक्ष जिसे श्राद्ध भी कहा जाता है अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए किया जाता है। पितरों की पूजा और तर्पण आदि कार्यों के लिए श्राद्ध पक्ष बहुत ही उत्तम माना जाता है। पितृपक्ष के दौरान हमारे पूर्वज पितृ लोक से धरती लोक पर आते हैं। इसलिए इन दिनों में उनके श्राद्ध, तर्पण, और पिंडदान आदि करने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि पितरों का श्राद्ध आदि करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि पितृपक्ष पितरों को समर्पित है। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध किया जाता है। पंचांग के अनुसार पितृपक्ष की शुरूआत भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि से होती है और अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर इसका समापन होता है। पितृपक्ष यानी श्राद्ध का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद करके उनका श्राद्ध कर्म किया जाता है। पितृपक्ष में पितरों को तर्पण देने और श्राद्ध कर्म करने से उनको मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दौरान न केवल पितरों की मुक्ति के लिए श्राद्ध किया जाता है, बल्कि उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट करने के लिए भी किया जाता है। पितृपक्ष में श्रद्धा पूर्वक अपने पूर्वजों को जल देने का विधान है। पितरों की कृपा नहीं हो, तो जातक की कुंडली में पितृ दोष लगता है। ऐसे लोगों का जीवन दुखों और परेशानियों से भर जाता है। घर परिवार में सुख-शांति नहीं रहती है। आकस्मिक दुर्घटनाएं होती हैं।

## टिप्स

### मच्छर भगाने के लिए इन तरीकों से करें नीम का इस्तेमाल

मानसून का सीजन आते ही घरों में मच्छरों की संख्या बढ़ने लगती है। मच्छरों से न सिर्फ खुजली और परेशानी होती है, बल्कि मलेरिया, डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। आमतौर पर लोग घरों से मच्छरों को भगाने के लिए कॉइल या लिक्विड का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनमें केमिकल भी मिला होता है, जोकि आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में आप मच्छरों को भगाने के लिए प्राकृतिक तरीके आजमा सकते हैं। पुराने जमाने में लोग मच्छरों को भगाने के लिए नीम की पत्ती का धुआं करते थे, जिनको धुएं से दिक्कत होने लग जाती है। तो वह अन्य तरीकों का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नीम को इस्तेमाल करने के अन्य तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं। जोकि मच्छरों से छुटकारा दिलाने में मदद करेंगे।

**नीम की पत्तियों का स्प्रे**

नीम की पत्तियों का स्प्रे मच्छरों से निजात पाने का सबसे आसान तरीका है। कुछ नीम की पत्तियों को लेकर इनको पाने में अच्छे से उबाल लें। जब पानी का रंग बदल जाए और पत्तियां मुलायम हो जाएं, तो पानी को ठंडा करने के बाद छान लें। इस घोल को स्प्रे बोतल में भरकर घर के कोनों, पर्दों और उन जगहों पर स्प्रे करें, जहां मच्छर अधिक दिखते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल है दीदी की दुकान : मुख्य सचिव




**संवाददाता**

**दुमका :** झारखंड सरकार की अलका तिवारी ने गुरुवार को दुमका जिले में सदर प्रखंड के झाझापारा गांव, दरबारपुर पंचायत का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने दीदी की दुकान कार्यक्रम के तहत महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हुए एक लाभुक को ₹30,000 की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की।

इससे पहले, उक्त लाभुक को 30,000 एवं बैंक ऋण के माध्यम से ₹50,000 की सहायता प्राप्त हुई थी। इन निवेशों के माध्यम से उन्होंने अपनी छोटी दुकान के संचालन एवं विपणन को सशक्त बनाया।

दौरे के दौरान मुख्य सचिव ने लाभुक से प्रतिदिन की बिक्री और मासिक आमदनी पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ह्लऐसे सूक्ष्म उद्यमों को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है, विशेषकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए.ह्व मुख्य सचिव ने यह भी उल्लेख किया कि रास्ते में कई स्थानों पर दीदी की दुकान दिखाई दी, जो झारखंड में महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन की दिशा में सराहनीय पहल है।

इस पहल से लाभुक न केवल अपनी आजीविका को मजबूत कर रही हैं, बल्कि परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी निभाने में भी अहम योगदान दे रही हैं। यह प्रयास महिला उद्यमिता को नई दिशा देने वाला साबित हो रहा है। मौके पर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा सहित जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मुख्य सचिव ने मंदिरों का गांव मलूटी का किया दौरा, मां मौलिक्षा मंदिर में की पूजा अर्चना



**दुमका :** झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शिकारीपाड़ा प्रखंड स्थित मंदिरों के गांव से प्रसिद्ध मलूटी का भ्रमण किया ।उन्होंने सपरिवार मां मौलिक्षा के मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने मलूटी ग्राम स्थित सभी मंदिरों का भी दर्शन किया ।इस अवसर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा,पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार,डीएफओ सात्विक व्यास,जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी सहित प्रखंड के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों से भी उन्होंने बात की,ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं मुख्य सचिव को अवगत कराया। इसके उपरांत जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पहली नजर रखे : एसडीपीओ



**साहिबगंज :** गुरुवार को क्राइम मीटिंग एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में एसडीपीओ किशोर तिर्की के अध्यक्षता में सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की ।इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी थाना प्रभारी से उनके क्षेत्र में होने वाले कांडों के बारे में चर्चा किया और अहम निर्देश दिए ।बैठक में वाहन चेकिंग,गश्ती व वारंटियों के मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का आदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करे । थानों पर पहुंचने वाले हर मामलों को निष्पादित जल्द करें ।थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों के गुंडा पंजी में शामिल अपराधियों की कुंडली भी तैयार कर लें ।क्राइम मीटिंग में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने थानेदार लंबितमामले,शिकायतें लंबित अनुसंधान,गैर जमानती वारंट,नोटिसों का तामिला आदि की समीक्षा की ।वहीं 5 सितम्बर को ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाने को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारियों को कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग का गस्ती बढ़ाने को कहा गया ।सभी थाना प्रभारियों को कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध करने को कहा गया ।जुलूस के दौरान विभिन्न चौक चौराहा पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंजाम करने को कहा गया। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पहली नजर रखने को कहा गया ।मौके पर इंस्पेक्टर नन्नूदेव राय,नगर थाना से प्रवीण भास्कर,जीवरबाडी थाना शशि कुमार सिंह,मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडे,मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश यादव,बोरियो थाना प्रभारी पंकज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### इंसाफ के लिए फिर जद्दोजहद करेंगे : संग्राम सिंह



**साहिबगंज :** पिछले कई वर्षों से पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे नगर परिषद के सेवानिवृत टैक्स दारोगा संग्राम सिंह पेंशन के लिए दोबारा हाईकोर्ट में रिट दायर करेंगे ।उम्र के इस पड़ाव में ग्लूकोमा और अन्य बीमारी झेलने के बावजूद इंसाफ के लिए के लिए उनकी जद्दोजहद कम नहीं हुई है। 16 वर्षों से लगातार अपनी पेंशन विसंगति को लेकर परेशान संग्राम सिंह ने बताया कि 30 जून 2009 को सेवानिवृत होने के बाद से उन्हें 5वें वेतनमान के अनुसार पेंशन मिल रहा है। जबकि 6वीं वेतनमान के अनुरूप पेंशन का लाभ 1 जनवरी 2006 के बाद से झारखंड के सभी जिलों व नगर परिषद में प्रभावी है। लेकिन उन्हें महज 5000 रुपया प्रति माह पेंशन मिल रहा है। जबकि अन्य जिलों के रिटायर कर्मियों को 23 हजार रुपया पेंशन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद से उन्होंने कई बार गुहार लगाई। लेकिन न्याय नहीं मिलने पर मजबूर होकर उन्होंने 2014 में हाईकोर्ट में रिट दायर किया था। सुनवाई के दौरान नगर परिषद ने कई बार कोर्ट को गलत तथ्यों से बरगलाने की कोशिश की ।इस बीच हाईकोर्ट के उनके अधिवक्ता के पीपी बन जाने के बाद उनका मामला लटक गया था। संग्राम सिंह ने बताया कि इस मामले में डब्ल्यूपी संख्या 1861 पर हाईकोर्ट के फैसले को आधार बना कर पुनः एक बार हाईकोर्ट में रिट दायर करेंगे।

### अब छोटे व्यापारी व उपभोक्ताओं को खरीदारी करने में काफी उत्साह बढ़ेगा : जय प्रकाश



**साहिबगंज :** जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के अध्यक्ष चेतन भारतीया,सचिव जयप्रकाश सिन्हा ने प्रेस बयान जारी कर कहा की केंद्र सरकार की 56 वीं जीएसटी परिषद के संशोधन में,पूजा से पहले उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों को उपहार स्वरूप जीएसटी दर में संशोधन कर व्यावसायिक बढ़ावा एवं प्रोत्साहन देने का काम किया है ।अध्यक्ष चेतन भरतिया एवं सचिव जय प्रकाश सिन्हा ने इस संशोधन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया है ।सचिव जय प्रकाश सिन्हा ने कहा की अब छोटे व्यापारी व उपभोक्ताओं को खरीदारी करने में काफी उत्साह बढ़ेगा जीएसटी स्लैब में भी संशोधन कर,इसे सरल बनाने की प्रक्रिया की गई है, जिससे व्यवसाईयों और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगा।

# मजदुर जानकारी के आभाव में समस्त लाभों से वंचित रह जाते हैं : राजकुमार




**संवाददाता**

**साहिबगंज :** गुरुवार को करनपुरातो के सामुदायिक भवन के सभागार में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक का जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया.बैठक मे मुख्य अतिथि संघ के केन्द्रीय सचिव राजकुमार यादव के द्वारा मजदुरों को मिलने वाले कई प्रकार के सरकारी लाभों की जानकारी दी गई, लेकिन अफसोस करते हुए उन्होंने कहा कि आज हमारा मजदुर भाई बहन जानकारी के आभाव में समस्त लाभों से वंचित रह जाता है,वो लाभ मजदुरों को मिल पाए,इसके लिए हमें सजग होने तथा मजदूरों को संगठित करने की आवश्यकता है ।मजदूरों का ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन सरकार के पोर्टल पर हो,और कम से कम उनकी न्यूनतम मजदूरी उन्हें मिले,इन सारे बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर बड़ी गंभीरता पूर्वक उनके द्वारा चर्चा किया गया ।श्री यादव ने संगठन के सदस्यों से सदस्यता शुल्क जमा करने की भी अपील की गई ।साथ ही कहा की सभी केन्द्र स्तरीय,जिला स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से 16/09/2025 को जिला कार्यालय में धरना प्रदर्शन किये जाने की तथा 5 अक्टूबर 2025 से प्रखंड स्तरीय धरना प्रदर्शन की आगाज किये जाने की भी सबों से अपील की गई ।बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष फुल कुमारी देवी, संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव,जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार पंकज,जिला महामंत्री सह नगर संगठन प्रभारी मोहम्मद इमाम विश्वास,जिला कार्य मंत्री मोहम्मद अब्दुल कईम,धर्मल किस्कू,विश्वजीत मंडल सपन राय,अभिजीत रक्षित,दिलीप हंसदा,निखिल यादव आदि उपस्थित थे।

# रांची-कामाख्या एक्सप्रेस का दैनिक संचालन करने की मांग



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा ने जिले की उपेक्षित रेलवे व्यवस्था और बुनियादी ढांचे की समस्याओं को लेकर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखा है ।अपने पत्र में सांसद ने कहा कि साहिबगंज ऐतिहासिक और भौगोलिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण जिला है ।लेकिन लंबे समय से रेलवे की उपेक्षा का शिकार रहा है ।यहां के लोगों को रोजाना कई तरह की रेल संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।सांसद ने बरहरवा रोड ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाने साहिबगंज में आरओबी का कार्य शीघ्र पूरा करने,मालदा टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस की ठहराव तालझारी स्टेशन पर देने,मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस का संचालन साहिबगंज तक करने और रांची-कामाख्या एक्सप्रेस का दैनिक संचालन करने की मांग की। सांसद ने कहा कि साहिबगंज से हर साल रेलवे को करोड़ों रुपये का राजस्व मिलता है,लेकिन इसके बावजूद यहां की समस्याओं के समाधान और रेलवे विकास के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं ।उन्होंने चेतावनी दी कि जनता यह सवाल उठा रही है कि जब इस क्षेत्र से इतना राजस्व जाता है,तो हमारी समस्याओं की अनदेखी क्यों की जा रही है ।सांसद हांसदा ने रेलवे बोर्ड और मंत्रालय से इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है,ताकि साहिबगंज का रेलवे ढांचा मजबूत हो सके और लोगों को राहत मिले।

# विकास के नाम पर प्राकृतिक से छेड़छाड़ न करे, पेड़ लगाकर पर्यावरण को हरा भरा रखें : राजेश



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** गंगा मिशन कोलकाता द्वारा आयोजित गंगा हरित अभियान के तहत गुरुवार को भरतीया कॉलोनी रोड स्थित बाबूलाल नंदलाल बोहरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में सरस्वती शिशु विधा मंदिर के छात्र छात्राओं के बीच फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,सेवानिवृत शिक्षक पंडित जगदीश शर्मा,विद्यालय शिक्षक अमित कुमार सिंह सहित अन्य ने आम,लीची का पौधा स्कूली छात्रों को देकर कार्यक्रम की शुरूआत की ।ईस्टर्न चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदा जो आ रही है वो विकास के नाम पर प्राकृतिक से छेड़छाड़ करने पर हो रहा है ।वृक्ष ही प्राकृतिक है,प्राकृतिक ही जीवन है। प्रत्येक वर्ष वृक्ष का जन्मदिन अवश्य मनाए ।शिक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्र के समान है, कोरोना काल में हमलोगों ने ऑक्सीजन के महत्व को समझा ।पेड़ पौधा लगाकर पर्यावरण वातावरण को हरा भरा रखे। सेवानिवृत शिक्षक पंडित जगदीश शर्मा ने कहा कि वृक्ष नहीं होगा तो बारिश नहीं होगा,भोजन नहीं मिलेगा ।पानी की आवश्यकता वायु की आवश्यकता, खाने की आवश्यकता पेड़ पौधा से ही होता है। प्रतिदिन वृक्ष का सेवा करके उसको बड़ा करे, पहला फल का सेवन करे मन आनंदित होगा ।पौधा से हरियाली के साथ साथ पक्षियों को रहने के लिए अपना घर मिलता है ।वही चौथे दिन पौधा वितरण कार्यक्रम में 453 स्कूली छात्र छात्राओं व आम जनो के बीच आम, नारियल, शरीफा, आंवला,कटहल, लीची, अमरूद, तूत, खिन्नी, बेल, मालबेरी सहित अन्य फलदार पौधा का वितरण किया गया है ।कहा की सुबह 7 बजे से 8 बजे तक पौधा वितरण किया जाएगा ।वही स्कूली छात्र छात्राएं शिक्षक अमित कुमार सिंह व शिक्षिका की अगुवाई में हाथों में पौधा लेकर शहर भ्रमण करते हुए लोगों को पेड़ लगाने के प्रति जागरूक किया ओर एक पेड़ मां के नाम, पौधा लगाए जीवन बचाए, प्राकृतिक को हरा भरा रखे जैसे जागरूकता नारा लगाया ।मौके पर चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स सचिव अंकित केजरीवाल, सुरेश निर्मल, ऋषभ खुडानिया,राजेश गुप्ता, राजू पाठक, चन्दन सिंह,सरस्वती शिशु विधा मंदिर के शिक्षक शिक्षिका सैकड़ों छात्र व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कालाजार से बचाव के लिए घरों में समय-समय पर कीटनाशक छिड़काव कराने की अपील



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** तालझारी प्रखंड के धमधमियाँ संथाली गांव में एमपीडब्ल्यू रंजीत सिन्हा व मदन कुमार मंडल के देखरेख में कीटनाशक आईआरएस से होने वाले बीमारी के बारे मे लोगो को जानकारी दिया गया ।इस दौरान एमपीडब्ल्यू रंजीत सिन्हा ने लोगो के बीच कालाजार से होने वाले बीमारी के बारे मे जानकारी देते हुए पंपलेट बाटा इसके साथ लोगों को कालाजार से बचाव के लिए घरों में समय-समय पर कीटनाशक छिड़काव कराने की अपील की ।वही एमपीडब्ल्यू रंजीत सिन्हा ने लोगों को बताया कि आगामी छह से आठ तारीख तक को क्षेत्र मे आईआरएस द्वितीय चरण में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाएगा.एमपीडब्ल्यू मदन कुमार ने कहा की कालाजार एक मच्छर जनित बिमारी है ।जिसका बचाव जागरूकता और नियमित छिड़काव से ही संभव है ।उन्होंने कहा की दो सप्ताह से अधिक या रूक रूक कर बुखार आना कालाजार हो सकता है ।इसके लिए घरों के आसपास जल जमाव नहीं होने दे,तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें ।मौके पर छिड़काव कर्मी सहिया सहित अन्य मौजूद थे।

# हमारे देश में शिक्षकों को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया प्राप्त है : शिक्षिका




**संवाददाता**

**साहिबगंज :** हमारे देश में प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारत के द्वितीय राष्ट्रपति महान शिक्षक और दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरूआत 5 सितंबर 1962 से की गई थी। शिक्षक दिवस मनाने की शुरूआत देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ.सर्व पल्लवी राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में किया जाता है ।हमारे देश में शिक्षकों को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है ।इसीलिए प्रतिवर्ष टीचर्स को सम्मान देने के लिए 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के लिए रूप में सेलिब्रेट किया जाता है ।विश्व भर में शिक्षक दिवस को 5 अक्टूबर को मनाया जाता है लेकिन भारत में इस दिन को भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में 5 सितंबर को मनाया जाता है ।इस दिन पर स्कूलों, कॉलेज में विभिन्न निबंध, भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस संदर्भ में शुक्रवार की सुबह प्राइवेट स्कूल, सरकारी स्कूल एवं ट्यूशन सेंटर में शिक्षक दिवस राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक द्वारा केक काट कर राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई। जीवन में सही और गलत की सीख हमें गुरू ही देते हैं। उनकी दी सीख सिर्फ क्लास रूम तक सिमट कर नहीं रहती बल्कि जिंदगी भर साथ रहती है। ऐसे में उनकी मेहनत और ज्ञान के लिए उनका आभार व्यक्त करने के लिए टीचर्स डे से बेहतर कोई दिन नहीं। एक शिक्षक अपने छात्रों को किताबी ज्ञान से परे उसे जीवन की सभी चुनौतियों को पार करने का साहस सिखाता है ।शिक्षक केवल पढ़ाते ही नहीं, बल्कि वह छात्रों को जीवन में सकारात्मक नजरिया अपनाने और अपने सपनों को कड़ी मेहनत से हासिल करने का जुनून भी विकसित करते हैं।

# यूएस ओपन 2025: सबालेंका ने जेसिका पेगुला को हराकर फाइनल में बनाई जगह



**न्यूयॉर्क :** वर्ल्ड नंबर -1 आर्यना सबालेंका ने शानदार वापसी करते हुए अमेरिकी स्टार जेसिका पेगुला को हराकर यूएस ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय समयानुसार शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में बेलारूस की खिलाड़ी ने 4-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। पिछले साल के फाइनल का रीमैच माने जा रहे इस मुकाबले में सबालेंका की शुरूआत कमजोर रही। पहला सेट गंवाने के बाद उन्होंने जबरदस्त अंदाज में वापसी की और 43 विनर्स व आठ ऐस की मदद से घरेलू दर्शकों के बीच पेगुला पर दबाव बना दिया। पेगुला ने पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए केवल तीन अनफोर्स्ड एरर किए और शुरूआती ब्रेक एक्सचेंज के बाद बढ़त हासिल कर ली। लेकिन दूसरे सेट से सबालेंका नए आत्मविश्वास के साथ कोर्ट पर लौटीं। उन्होंने लगातार तीन गेम जीते और अपने आक्रामक खेल से मैच का रुख बदल दिया। निर्णायक सेट में सबालेंका ने पहले ही गेम में ब्रेक किया और छठे गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर अपनी दृढ़ता दिखाई। हालांकि पेगुला ने दो मैच प्वाइंट बचाकर मुकाबले को और रोमांचक बना दिया, लेकिन सबालेंका ने फोरहैंड विनर के साथ जीत सुनिश्चित की और जोरदार जश्न मनाया। फाइनल में अब सबालेंका का सामना जापान की चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका और अमेरिका की आठवीं वरीय अमांडा अनीसिमोवा के बीच होने वाले विजेता से होगा।

# फिडे ग्रांड स्विस 2025: गुकेश ने जीता पहला मुकाबला, प्रज्ञानानंद ड्रॉ पर रुके : दिव्या हारीं

एजेंसी



**नई दिल्ली :** समरकंद (उज्बेकिस्तान) में चल रहे फिडे ग्रांड स्विस 2025 की शुरूआत भारतीय खिलाड़ियों के मिले-जुले परिणामों के साथ हुई। मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने फ्रांस के दिग्गज खिलाड़ी एटिएन बाक्रो को पहले ही दौर में हराकर धमाकेदार आगाज किया। गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए कैरो-कान डिफेंस अपनाया और बीच खेल (मिडलगेम) में अद्भुत जटिलताएँ पैदा कर दीं। बाक्रो बराबरी पर टिके रहने की कोशिश करते रहे लेकिन भारतीय ग्रैंडमास्टर ने एक शानदार एक्सचेंज बलिदान देकर निर्णायक बढ़त बनाई और जीत अपने नाम की। अगली बाजी में गुकेश सफेद मोहरों से उतरेंगे। दूसरी ओर, शीर्ष वरीयता प्राप्त आर. प्रज्ञानानंद को अमेरिका के जेफ्री जियोंग ने ड्रॉ पर रोक दिया। फ्रेंच डिफेंस में खेले गए इस मुकाबले में जियोंग ने लगातार मोहरे बदलते हुए हल्का दबाव बनाया, लेकिन खेल अंततः दोहराव पर समाप्त हुआ। महिला विश्व कप विजेता और ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने ओपन सेक्शन में शुरूआत अभिमन्यु पुराणिक से हारकर की। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में, विजेता विदित गुजराती ने जर्मनी के अलेक्जेंडर डोंचेंको को परास्त किया, जबकि पी. हरिकृष्णा को स्लोवेनिया के एंटन डेंचेनकोव ने सफेद मोहरों से खेलते हुए हराया। निहाल सरीन जर्मनी के रस्मुस स्वाने से ड्रॉ पर रुके। महिला वर्ग में, आर. वैशाली ने उज्बेकिस्तान की गुलरुखबेगिम तोखिरजोनोंवा को हराकर जीत से अभियान शुरू किया। वहीं, वंतिका अग्रवाल ने यूक्रेन की यूलिया ओस्माक को मात दी। भारत की डी. हरिका का मुकाबला इजरायल की मार्सेल एफोरिम्स्की से ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

## लियोनेल मेसी के दो गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हराया

**ब्यूनस आयर्स :** लियोनेल मेसी ने दो शानदार गोल दागे, जिसकी बदौलत अर्जेंटीना ने गुरुवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को वेनेजुएला को 3-0 से हराकर अपने आखिरी घरेलू विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले को यादगार बना दिया। 38 वर्षीय मेसी ने भले ही संन्यास की तारीख साफ नहीं की है, लेकिन उन्होंने पहले ही यह संकेत दे दिया था कि वेनेजुएला के खिलाफ यह मुकाबला उनका घरेलू जमीन पर आखिरी विश्व कप क्वालिफायर होगा। पहले से ही अगले साल उत्तर अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने शुरूआत से ही मुकाबले पर दबदबा बनाए रखा। निकोलस टैगलियाफिको और फ्रैंको मास्तांतूनो ने शुरूआती मौके बनाए लेकिन वेनेजुएला के गोलकीपर राफेल रोमो ने उन्हें रोक दिया। 39वें मिनट में मेसी ने कप्तानी अंदाज में जूलियन अल्वारेज के पास पर तेज काउंटर-अटैक से गोल करते हुए अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में भी अर्जेंटीना का दबदबा कायम रहा। 76वें मिनट में निको गोंजालेज के क्रॉस पर लाउटारो मार्टिनेज ने डाइविंग हेडर से दूसरा गोल दागा। मात्र चार मिनट बाद थियागो अल्माडा के असिस्ट पर मेसी ने एक और गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। इस जीत के साथ अर्जेंटीना 38 अंकों के साथ 2026 विश्व कप दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग तालिका में शीर्ष पर है।



स्ट्रीट डॉग्स को लेकर

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राम गोपाल वर्मा ने उठाए सवाल

**सत्या**, डेंजरस, नेकिड, रंगीला, और डेंजरस जैसी फिल्में बना चुके फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को लेकर दिए संशोधित आदेश पर कई सवाल उठाए हैं। राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट जारी किया, जिस पर उन्होंने लिखा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आवारा (सड़क पर घूमने वाले) कुत्तों को पकड़कर पहले उनका टीकाकरण किया जाए और फिर उन्हें उसी जगह वापस छोड़ा जाए जहां से पकड़ा गया था। उन्होंने सवाल किया कि कुत्तों का वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट किसी बच्चे को सड़क पर काटे जाने या मारे जाने से कैसे बचाएगा? क्या कुत्ता अपनी मेडिकल फाइल को पढ़कर तय करेगा कि काटना है या नहीं? यानी, कुत्तों को कहीं और नहीं ले जाया जाएगा। उनका इलाज करके वहीं वापस छोड़ा जाएगा।

उन्होंने यह भी पूछा कि जो आक्रामक या रेबीज संक्रमित कुत्ते छोड़े नहीं जाएंगे, क्या उन्हें जांचने के लिए हमारे पास पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टाफ और बजट है?निर्देशक ने पूछा, क्या हर कुत्ते का मानसिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड किया जाएगा?

अगर कोई कुत्ता एक पल काटे और अगले पल पूंछ हिलाए, तो वह आक्रामक है या दोस्ताना? क्या वकीलों, पशु प्रेमियों, डॉक्टरों और कुत्तों के साइकोलॉजिस्ट की टीम उनकी मानसिक स्थिति तय करेगी? उन्होंने आगे कहा, क्या सुप्रीम कोर्ट हजारों विशेष अदालतें बनाएगा जो यह तय करेंगी कि किसी कुत्ते को छोड़ा जाए या नहीं? कोर्ट के पब्लिक प्लेस में डॉग फीडिंग प्रतिबंधित और निर्धारित स्थानों पर ही खाना देने के आदेश पर भी वर्मा ने सवाल खड़े किए। उन्होंने पूछा, ये निर्धारित स्थान कौन तय करेगा और किस आधार पर? और क्या स्ट्रीट डॉग्स को इन जगहों का रास्ता बताने के लिए गूगल मैप मिलेगा? वर्मा ने यह भी पूछा कि क्या कुत्तों के एक इलाके से दूसरे में पलायन को रोकने की कोई योजना है? आखिर में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से यह जानना चाहा कि आदेश में कुत्ता हमलों के पीड़ितों, खासकर मारे गए बच्चों का जिक्र क्यों नहीं है? राम गोपाल वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि वह इन सभी पहलुओं पर विचार करें, ताकि अंतिम आदेश सभी के हित में हो। बता दें कोर्ट के आदेश के अनुसार, स्ट्रीट डॉग्स को पकड़कर उन्हें नसबंदी, टीकाकरण और डीवॉर्मिंग के बाद फिर से उसी इलाके में छोड़ा जाएगा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। हालांकि, यह नियम पागल (रेबीज संक्रमित) या आक्रामक बर्ताव करने वाले कुत्तों पर लागू नहीं होगा।

# मौत की झूठी खबर पर भड़के अभिनेता रजा मुराद, दर्ज कराई शिकायत



**बॉलीवुड** के दिग्गज अभिनेता रजा मुराद ने अपनी मौत की झूठी खबर फैलने के बाद मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर उनकी मृत्यु के बारे में एक फर्जी पोस्ट वायरल हुई, जिसके कारण उन्हें और उनके परिवार को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। रजा मुराद ने स्पष्ट किया कि वह पूरी तरह स्वस्थ और जीवित हैं, लेकिन बार-बार ऐसी अफवाहों का खंडन करते-करते वह थक चुके हैं।

रजा मुराद ने कहा, मैं अभी जिंदा हूं और पूरी तरह स्वस्थ हूं। यह बहुत दुखद है कि कुछ लोग बिना सोचे-समझे ऐसी अफवाहें फैलाते हैं। मैं इन अफवाहों पर बार-बार सफाई देते हुए थक गया हूं। यह न सिर्फ मेरे लिए, बल्कि मेरे परिवार और प्रशंसकों के लिए भी परेशानी का सबब बन गया है। रजा मुराद ने कहा, लोगों को यह बताते-बताते मेरा गला, जीभ और होंठ सूख गए हैं कि मैं जीवित हूं। यह झूठी खबर हर जगह फैल गई है। मुझे दुनिया भर से फोन और संदेश आ रहे हैं। लोग मुझे पोस्ट की स्क्रीनशॉट भी भेज रहे हैं। उन्होंने इस तरह की अफवाहों को शर्मनाक करार देते हुए इसे फैलाने वालों की मानसिकता पर सवाल उठाया।

परफेक्ट होना जरूरी नहीं

# गलतियां भी ठीक हैं: अनन्या पांडे



**अभिनेत्री** अनन्या पांडे का मानना है कि लगातार लोगों की नजरों में रहना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है, लेकिन अपने चाहने वालों और लगातार काम पर ध्यान केंद्रित करने से वे संतुलन बनाए रखती हैं। अनन्या ने यह भी कहा कि उनका आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है और यह जानने से कि परफेक्ट होना जरूरी नहीं है–कभी-कभी गलतियां भी ठीक होती हैं। जब बातचीत में अनन्या से पूछा कि वह लगातार लोगों की नजरों के बीच अपने आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को कैसे बनाए रखती हैं, तो उन्होंने इस सवाल का जवाब दिया, यह हमेशा आसान नहीं होता।

कुछ दिन ऐसे भी होते हैं जब बातें आपको बहुत परेशान करने लगती हैं। समय के साथ उन्होंने यह सीख लिया है कि जिंदगी में सच्चे रिश्तों और पसंद के काम को अहमियत देना जरूरी है। अनन्या ने बताया, मैं जमीन से जुड़ी रहने की कोशिश करती हूं और खुद को याद दिलाती हूं कि परफेक्ट न होना भी ठीक है। आत्मविश्वास तब आता है जब आप अपने अच्छे और बुरे दोनों में खुद को स्वीकार करते हैं। जैसा कि कहा जाता है, कोई भी परफेक्ट नहीं होता! अनन्या ने हाल ही में एयरबीएनबी के लिए एक खास अनुभव की मेजबानी की, जिसमें उनकी ए-टीम ने हिस्सा लिया। इस अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरे लिए सबसे खास अनुभवों में से एक है, लेकिन मेरे लिए इसमें सबसे खास बात यह है कि यहां पर मेहमानों के अंदर आत्मविश्वास में बदलाव देखना।

यह उनके लुक को बदलने के बारे में नहीं है, बल्कि उनके असल रूप को सेलिब्रेट करने के बारे में है। ग्लैम सेशन के बाद, सभी के साथ समय बिताना, हंसी-मजाक, और मजेदार सेल्फी लेना इसे और भी यादगार बनाता है। अनन्या की आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में कार्तिक आर्यन, जैकी श्रॉफ, नीना गुप्ता और अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। कार्तिक और अनन्या इससे पहले 2019 में पति, पत्नी और वो में साथ नजर आ चुके हैं। करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, शरीन मंट्री केडिया और किशोर अरोड़ा द्वारा निर्मित यह फिल्म अगले साल 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है।



# सबा खान ने रचाई जोधपुर में शादी



**बिग** बॉस 12 फेम और अपनी सादगी से दर्शकों का दिल जीतने वाली सबा खान ने शादी कर ली है। अभिनेत्री ने जोधपुर में एक निजी समारोह में निकाह किया। इस खास मौके पर परिवार और करीबी रिश्तेदार ही शामिल हुए। सबा खान के जीवनसाथी वसीम नवाब एक व्यवसायी हैं और जोधपुर के नवाब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। सबा की बहन सोमी खान भी उनके साथ बिग बॉस सीजन-12 में नजर आई थीं। वह भी उनकी शादी के समारोह में मौजूद थीं।

गौरतलब है कि सोमी ने भी कुछ महीने पहले ही आदिल खान के साथ शादी की थी। सबा खान ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शादी की तस्वीरें पोस्ट की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, कुछ दुआएं चुपचाप कबूल हो जाती हैं। दिल से शुक्रिया। मैं आप सबके साथ अपने निकाह की खुशी बांट रही हूं। जिस लड़की को आपने बिग बॉस में प्यार दिया, आज वह एक नई जिंदगी की शुरुआत कर रही है। दुआओं और प्यार की दरकार है। सबा के पोस्ट करते ही फैंस और शुभचिंतकों ने तुरंत अपनी प्रतिक्रियाएं दी। कई यूजर्स उन्हें हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट सेक्शन में शेयर कर रहे हैं। सबा की बहन सोमी ने उनके पोस्ट में कमेंट किया, दोनों को बधाई हो। मेरी प्यारी सबा, तुम्हें हमेशा दुनिया की सारी खुशियां मिलें, और जीजू अब आप हमारे परिवार का हिस्सा बन गए हैं। आप दोनों एक दूसरे के लिए ही बने हो, बिल्कुल परफेक्ट जोड़ी है। एक यूजर ने लिखा, माशाल्लाह, बधाई हो। एक और यूजर ने लिखा, आप दोनों का जीवन प्यार, खुशियों और एक-दूसरे का साथ देने से भरा रहे। अन्य यूजर ने लिखा, शादी मुबारक हो।



# श्वेता मेनन ने AMMA के अध्यक्ष के रूप में की पहली मीटिंग, सदस्यों की सुरक्षा का उठाया मुद्दा

**मलयालम** मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (अम्मा) ने 22 अगस्त को कोच्चि के कलूर स्थित अपने मुख्यालय में 32वीं कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष और अभिनेत्री श्वेता मेनन ने की। एक्ट्रेस ने अपनी पहली ही मीटिंग में समिति के सदस्यों के कल्याण और सुरक्षा की बात की। श्वेता मेनन ने रूअध्यक्ष के तौर पर अपनी पहली बैठक में नए सिरे से शुरुआत की। उन्होंने सदस्यों की सुरक्षा और कल्याण पर एसोसिएशन का ध्यान केंद्रित किया। ये मीटिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूपों में आयोजित की गई। एक्ट्रेस ने हाल के विवादों पर भी बात की, जिसमें महिला सदस्यों को एक होटल में बुलाए जाने की बात कही गई थी। इससे जुड़े आरोपों की जांच के लिए श्वेता मेनन ने एक विशेष समिति के गठन की घोषणा की। विशेष समिति के अलावा, अभिनेत्री ने पुष्टि की कि एएमएमए सदस्यों द्वारा उठाई गई शिकायतों के समाधान के लिए विभिन्न उप-समितियां भी बनाई जाएंगी।

## एक नजर श्वेता मेनन के फिल्मी सफर पर

श्वेता मेनन एक भारतीय अभिनेत्री, टेलीविजन एंकर और मॉडल हैं। एक्ट्रेस ने मुख्य रूप से मलयालम और हिंदी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की और 1994 में फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जहां वह शीर्ष 5 में रहीं। उन्होंने मलयालम फिल्म अनस्वरम से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। बाद में एक्ट्रेस ने हिंदी फिल्मों जैसे बंधन, इश्क और अशोका में भी काम किया।

# मप्रः मुख्यमंत्री आज अमानगंज में 106 करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (शुक्रवार को) पन्ना जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे गुनौर विधानसभा क्षेत्र के अमानगंज में आयोजित कार्यक्रम में 106.15 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 23 करोड़ 73 लाख रुपये के 9 विकास कार्यों का लोकार्पण और 82 करोड़ 42 लाख रुपये के 16 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि लोकार्पित होने वाले कार्यों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की 1.04 करोड़ रुपये की जल जीवन मिशन की गड़ोखर नल जल योजना, 2.11 करोड़ की बिल्हा सुरदहा नल जल योजना तथा 1.31 करोड़ की टिकरिया नल जल योजना, लोक निर्माण विभाग की 9 करोड़ 99 लाख की 15 किलोमीटर लंबाई की मकरंदगंज हरद्वाही गुन्नौर सड़क मार्ग का उन्नयन कार्य शामिल है। नगर परिषद अमानगंज अंतर्गत 90 लाख की लागत राशि से निर्मित क्रमशः ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ग्राम कुदरा झरकुवा में आवंटित भूमि की बाउंड्रीवाल, वार्ड क्रमांक 5 में झिरिया पुलिया तक नाला निर्माण और मिढ़ासन नदी के किनारे पुल घाट निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 9 में 47 लाख के खेल स्टेडियम बाउंड्रीवाल और 53 लाख की लागत से थाना तिराहा से वार्ड क्रमांक 14 गुन्नौर रोड में पानी टंकी तक नाला निर्माण का कार्य भी शामिल है। मुख्यमंत्री जल संसाधन विभाग के तहत 2 करोड़ 55 लाख से निर्मित मूलपारा बैराज शाहनगर और 4 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से निर्मित देवरी बैराज पवई का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अमानगंज में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास, लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग (भवन), म.प्र. भवन विकास निगम तथा दक्षिण वनमंडल के 82.42 करोड़ के कुल 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इनमें समस्त विकासखंड में 5 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से जनपद पंचायत भवन निर्माण, 1 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से कलेक्ट्रेट परिसर में सीसी रोड, बाउंड्रीवाल, पेवर वर्क, नाली निर्माण तथा प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह मड़ला में 48 लाख रुपए की लागत से बनने वाले आयुष औषधालय, गुन्नौर में 9 करोड़ 41 लाख से 8 किलोमीटर लंबाई की बड़वारा गुन्नौर मुख्यमार्ग से मकरी मार्ग, 5 करोड़ 72 लाख की लागत से 4 किलोमीटर लंबाई की हीरापुर से बिहरासर मार्ग, 4 करोड़ 89 लाख की लागत से निर्मित होने वाले 4 किलोमीटर लंबाई के मड़ैयन से बिहरासर मार्ग का भूमिपूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री 1 करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से बनने वाले गुनौर, पवई तथा अजयगढ़ एसडीएम कार्यालय भवन, 15-15 करोड़ से बनने वाले शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर और खोरा शासकीय महाविद्यालय भवन सहित 25 लाख रुपए राशि से निर्मित होने वाले काष्ठागार अधिकारी आवास का भूमिपूजन भी करेंगे।

## जबलपुर : राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा : नेत्रदान दाताओं का सम्मान

एजेंसी

**जबलपुर :** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत दादा वीरेंद्रपुरी जी रोटरी आई बैंक, सक्षम मध्यप्रदेश, रोटरी क्लब जबलपुर साउथ एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र दानदाता परिवार सम्मान समारोह का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिल्डिंग, राइट टाउन, जबलपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर दीपक सक्सेना थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटे. सुनील फाटक (रोटरी इंटरनेशनल आई बैंक कोऑर्डिनेटर, पूर्व प्रांतपाल रोटरी क्लब) उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पवन स्थापक ने की। कार्यक्रम में नेत्र दानदाताओं के 37 परिवार के सदस्यों एवं सचेतकों का सम्मान पुष्प-गुच्छ, श्रीफल एवं स्तुति-पत्र देकर किया गया। डॉ पवन स्थापक ने बताया कि विश्व के कॉर्नियल अंधत्व का एक-तिहाई अंधत्व भारत में है और उसका प्रमुख कारण जनसामान्य में नेत्रदान के प्रति जागरूकता का अभाव होना। नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने 1985 में राष्टीय नेत्र पखवाड़ा की शुरूआत की जो की प्रतिवर्ष 25 अगस्त से आठ सितम्बर तक पूरे देश में मनाया जाता है। जिसका लक्ष्य लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करना और इसके प्रति फैली भ्रांतियों को दूर कर नेत्रदान के लिए प्रोत्साहित करना है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा की कॉर्नियल अंधत्व को दूर करने के लिए सक्षम, दादा वीरेंद्रपुरी जी रोटरी आई बैंक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की यह पहल सराहनीय है।सरकार का ध्यान भी अंधत्व निवारण पर केंद्रित है, इसलिए भारत सरकार ने समय-समय पर राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा ( नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस) एवं विजन 2020 जैसे महत्त्वपूर्ण अभियान चलाये हैं।

# दिल्ली में यमुना नदी के प्रवाह में कमी, पुराने रेलवे पुल पर जलस्तर 207.33 मीटर पर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कई दिन तक बाढ़ के हालात से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर आज सुबह सात बजे पुराना रेलवे पुल (ओल्ड रेलवे ब्रिज) पर 207.33 मीटर दर्ज किया गया। यह स्तर एक दिन पहले इस सीजन के उच्चतम स्तर 207.48 मीटर तक पहुंच गया था। पुराना रेल पुल को लोहा पुल के भी नाम से जाना जाता है। अधिकारियों के अनुसार, आज सुबह छह बजे पुराना रेलवे पुल पर जलस्तर 207.35 मीटर था। शाम तक जलस्तर के और नीचे जाने के आसार हैं। पिछले दिनों उफनाई यमुना ने राजधानी के निचले इलाकों में तबाही मचाई है। उल्लेखनीय है कि पुराना रेलवे पुल दिल्ली में बाढ़ पूवार्नुमान केंद्र माना जाता है। जिला प्रशासन ने



लोगों को चेतावनी दी है कि वह नदी में तैराकी, नाव चलाने या मनोरंजन के लिए बिल्कुल न उतरें। दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान को पार कर चुकी है। हरियाणा के हथनी कुंड से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण यह नौबत आई। यमुना बाजार और रिंग रोड जलमग्न हो गए। बुधवार शाम तो यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर से दो मीटर ऊपर चला गया। इससे पूरे खादर इलाके में बाढ़ का पानी भर गया है। हालात यह हो गए कि राजघाट से कश्मीरी गेट जाने वाले मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। निगम बोध घाट को बंद करना पड़ा। हरियाणा के हथनी कुंड से बुधवार को प्रति घंटे 1.75 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया। सोमवार को प्रति घंटे अधिकतम 3.29 लाख क्यूसेक और मंगलवार को दो लाख क्यूसेक तक पानी छोड़ा गया। इससे दिल्ली में यमुना नदी उफान पर आ गई। एक क्यूसेक प्रति सेकंड एक घन फुट पानी के प्रवाह को मापता है, जो लगभग 28.317 लीटर प्रति सेकंड के बराबर होता है। मंगलवार को शाम चार बजे लोहा पुल के पास यमुना का जलस्तर 206 मीटर पहुंच गया। इससे पुल से वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। बुधवार सुबह साढ़े छह बजे इस पुल से ट्रेनों की आवाजाही भी रोकनी पड़ी थी। हालात के मद्देनजर दिल्ली के छह जिलों उत्तर, उत्तर पूर्व, शाहदरा, पूर्व, मध्य और दक्षिण पूर्व में खास इंतजाम किए गए। दक्षिण पूर्व, मध्य व पूर्व जिले में एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गईं। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लोहा पुल पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।

# मध्य प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी, आज इंदौर-उज्जैन सहित 18 जिलों में अलर्ट

- प्रदेश में मानसूनी सीजन में अब तक 40 इंच बारिश हो चुकी

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। आज शुक्रवार को भी प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 18 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अगले दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में अब तक औसत 40 इंच बारिश हो चुकी है, जो कोटे का 108 प्रतिशत है। इस हिसाब से लगातार दूसरे साल प्रदेश में सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। अभी मानसून के 25 दिन बाकी हैं। ऐसे में यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में गुरुवार को चार सिस्टम एक्टिव रहे। इनमें एक मानसून समेत दो टर्फ, एक लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का



क्षेत्र) और एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम शामिल हैं। शुक्रवार को भी सिस्टम की एक्टिविटी देखने को मिल सकती है, इसलिए कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। आज रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। यहां साढ़े 8 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, नीमच, मंदसौर, इंदौर, उज्जैन, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, राजगढ़, गुना, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। 24 घंटे में यहां ढाई से साढ़े 4 इंच तक बारिश हो सकती है। अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। इससे पहले प्रदेश में गुरुवार को भी 35 से अधिक जिलों में बारिश हुई। इंदौर में सबसे ज्यादा 60 मिमी यानी 2.3 इंच पानी गिर गया। रतलाम में 2 इंच से ज्यादा बारिश हुई। भोपाल, बैतूल, दतिया, ग्वालियर, पचमढ़ी, श्योपुर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सतना, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़, बालाघाट, नर्मदापुरम, शिवपुरी, खंडवा, रायसेन, विदिशा, मंदसौर, अशोकनगर, खरगोन, शाजापुर, धार, सीहोर, राजगढ़, आगर-मालवा, देवास आदि जिलों में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश का दौर रहा। इधर, इंदौर में कान्ह नदी का जलस्तर बढ़ गया। कृष्णपुरा पुल के पास दो लोग फंस गए थे, जिन्हें नगर निगम और पुलिस की टीम ने रेस्क्यू किया। उज्जैन में क्षिप्रा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे के मंदिर डूब गए। उनके गुंबद तक पानी आ गया। रतलाम में रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 4 पानी में डूबा रहा। जनता कॉलोनी, पीएंडटी कॉलोनी, जवाहर नगर समेत कई रिहायशी इलाकों में भी पानी भर गया। खंडवा में ओंकारेश्वर और इंदिरा सागर बांध के 21-21 गेट, जबलपुर में बरगी डैम के 15, इंदौर में यशवंत सागर डैम के 6, शिवपुरी में मड़ीखेड़ा डैम के 6, रतलाम में धोलावाड़ डैम के 5, इटारसी में तवा डैम के 3, रायसेन में हलाली डैम के 2 और मंदसौर में कालाभाटा डैम के 2 गेट खुले रहे। राजधानी भोपाल के बड़ा तालाब में भी पानी का स्?तर बढ़ गया है।

## मप्र के दो शिक्षकों को आज दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी सम्मानित

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के दो शिक्षकों को आज (शुक्रवार को) शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया जाएगा। दोनों शिक्षकों को वर्ष-2025 का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में दमोह जिले की शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक शीला पटेलऔर आगर-मालवा जिले की माध्यमिक शिक्षक शासकीय ईपीईएस माध्यमिक शाला खेरिया सुसनेर में पदस्थ भेरूलाल ओसारा शामिल हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये चयनित शिक्षकों का चयन उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मेंकिये गये उल्लेखनीय कार्य के लिये सम्मानित होंगे। इन शिक्षकों ने अपनी शालाओं में बच्चों को खेल-खेल में आनंदमयी शिक्षा दी है। इसके साथ ही इन शिक्षकों ने विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के लिये ईको



क्लब और क्लैप क्लब के संयोजन से ठोस कार्य किया है। बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा करने के लिये नुक्क्ड़ नाटक का सहारा लिया है। इन शिक्षकों ने डिजिटल युग की महत्ता को समझते हुए विद्यार्थियों में ऑनलाइन सुरक्षा जागरूकता फैलाने के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये चयनित शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय कार्यों के लिये सम्मानित होने वाले शिक्षक प्रदेश के अन्य शिक्षकों के लिये भी प्रेरणा का कार्य करेंगे।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार मुनाफा वसूली होती रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.20 प्रतिशत टूट कर 45,544.88 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी



तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.64 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,460.26 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 1.15 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 21,455.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.31 प्रतिशत उछल कर 45,702 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करने के बाद बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ 9,216.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 175.53 अंक यानी 0.74 प्रतिशत उछल कर 23,770.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,698.92 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजार में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि सिर्फ एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजारों में इकलौता जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,867.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,892 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,303.12 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स में आज जोरदार तेजी नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 294.12 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछल कर 24,473.97 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 313.73 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 42,894 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.69 प्रतिशत की छलांग लगा कर 1,261.17 अंक के स्तर पर, हैंग सेंग इंडेक्स 119.49 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,178 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,773.37 अंक के स्तर पर और कोस्पी इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,202.11 अंक के स्तर पर कारोबार करते हुए नजर आ रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बंगाल में जारी रहेगा बारिश का सिलसिला

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। दक्षिण बंगाल के कई जिलों में बिखरी हुई बारिश हो रही है। कोलकाता भी इससे अछूता नहीं है। उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना है हालांकि इसका सीधा प्रभाव बंगाल पर अभी नहीं पड़ेगा लेकिन सक्रिय मौसमी अक्ष रेखा और बढ़ती आद्रता ने चिंता बढ़ा दी है । इसी कारण सप्ताहांत तक बंगाल के कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश का पूवार्नुमान है । मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार को भारी बारिश की आशंका नहीं है, लेकिन कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इनमें हावड़ा, दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर, बीरभूम और मुर्शिदाबाद शामिल हैं। तटीय और आसपास के जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं भी चल सकती हैं। शुक्रवार को कोलकाता का आसमान आंशिक रूप से मेघाच्छादित रहेगा। शहर में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। उत्तर बंगाल के कई जिलों में भी बारिश का असर देखने को मिलेगा। शुक्रवार को अलीपुरद्वार जिले में भारी बारिश की संभावना है जबकि दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और उत्तर दिनाजपुर में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। रविवार से बुधवार तक इन जिलों में बिखरी हुई भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### सीएसवीटीयू भिलाई में पदस्थ डॉ. भास्कर चंद्राकर की तालाब में डूबने से मौत

**रायपुरदुर्ग :** छत्तीसगढ़ के भिलाई के छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) में चार साल से प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ रायपुर निवासी डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. भास्कर चंद्राकर (36 वर्ष ) की तालाब में डूबने से मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना गुरुवार की देर शाम उतई थाना क्षेत्र के पतोरा गांव स्थित तालाब में हुई। सीएसवीटीयू के कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा ने आज जानकारी दी कि डॉ. चंद्राकर गुरुवार शाम ड्यूटी खत्म होने के बाद सीएसवीटीयू के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) के साथ उतई इलाके में मकान निर्माण कार्य का निरीक्षण करने गए थे। वापसी के दौरान रास्ते में तालाब में खिले कमल के फूल देखकर उन्होंने अपनी कार रोकी और फूल तोड़ने तालाब में उतर गए। लेकिन तालाब में उतरने के बाद उनका पैर तालाब में लगे पौधों में फंस गया , जिससे वे बाहर नहीं निकल सके। जबकि उनको तैरना आता था । ग्रामीणों ने उन्हें तुरंत तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें सेक्टर-9 अस्पताल रेफर कर दिया। सेक्टर-9 के डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ. चंद्राकर वर्तमान में वे पिछले चार साल से प्रतिनियुक्ति पर सीएसवीटीयू भिलाई में डिप्टी रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत थे। उनकी स्थायी पदस्थापना शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर में थी।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक व ड्रग्स बरामद, कई गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। बीते 24 घंटे में हुई कार्रवाई में भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक तथा नशीले पदार्थ जब्त किए गए, वहीं कई उग्रवादी कैडर और तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। इंफाल ईस्ट जिले के हेंगांग क्षेत्र से पुलिस ने एक एके-56 राइफल, एक एम-16 राइफल, तीन हैंड ग्रेनेड, पांच ट्यूब लॉन्चर, दो प्लेट्स सहित एक बुलेटप्रूफ जैकेट, एक आरपीजी शेल और विभिन्न कैलिबर की गोलियां बरामद कीं। बिष्णुपुर जिले के फौगकचाओ इकाई और कोलबुंग गांव से एक इंसास राइफल, एक डबल बैरल बंदूक, दो सिंगल बैरल बंदूकें, एक देसी पिस्तौल, जीवित कारतूस, जिलेटिन स्टिक, डेटोनेटर और कॉर्डेक्स वायर जब्त किया गया। इंफाल ईस्ट जिले में आरपीएफ/पीएलए का सक्रिय कैडर कोंजेंगबम अजीत सिंह उर्फ सुरेश (54) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से आधार कार्ड और नकदी बरामद हुई। इसके अलावा, केसीपी (पीडब्ल्यूजी) से जुड़ी कॉन्गब्राइलटपम हेमाबती देवी उर्फ खोमई (57) को इम्फाल वेस्ट से पकड़ा गया। वह रंगदारी व अवैध वसूली में संलिप्त थी। उसके पास से एक स्कूटी, दो मोबाइल और आधार कार्ड बरामद किया गया। सेनापति जिले के तदुबी चेकपोस्ट पर सुरक्षा बलों ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 2.057 किलो ब्राउन शुगर, दो गाड़ियां और आठ मोबाइल फोन जब्त किए। आगे की जांच में कांगपोकपी निवासी किमनेलाम हाउकिप को भी हिरासत में लिया गया, जो तस्करी में शामिल पाई गई। चुराचांदपुर जिले के लामजंग इलाके से चार लोगों को पकड़ा गया। उनके पास से 1.5 किलो ब्राउन शुगर, जिसे 122 साबुन के डिब्बों में पैक किया गया था, एक आल्टो कार, एक टू-व्हीलर और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इन समन्वित अभियानों से राज्य में हथियारों की अवैध आवाजाही और मादक पदार्थों की तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

### डिमोरिया.में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने चलाया अभियान, चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** डिमोरिया.सम जिला अंतर्गत और सोनापुर राजस्व चक्र के विभिन्न स्थानों पर आबकारी विभाग ने अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब को जब्त कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग ने आज बताया है कि बीते गुरुवार को खेत्री पुलिस थानांतर्गत मालयबारी, पूर्व-मालयबारी और दुरुंग की चार दुकानों से अवैध रूप से बेची जा रही बड़ी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दुरुंग से मृदुल मंडल, पूर्व मालयबारी के कवींद्र कर, विभूति सरकार और हिरापार के अमल बोडो नामक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में भी डिमोरिया के विभिन्न हिस्सों में पान की दुकानों, गल्लामाल की दुकानों आदि में अवैध विदेशी शराब की बिक्री चोरी-छिपे होने का आरोप लगाया जा रहा है। जिसके चलते इलाके का सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। ऐसे इस अवैध शराब के अड्डों को जल्द से जल्द हटाने की स्थानीय लोगों ने मांग की है।

### वाराणसी में अस्सी साल की रिवायत निभाते हुए निकला मदहे सहाबा का जुलूस

**वाराणसी :** वाराणसी में बेनियाबाग क्षेत्र से मरकजी यौमुन्नबी कमेटी ने 80 सालों की अपनी रवायत को निभाते हुए मदहे सहाबा का जुलूस निकाला। जुलूस में 50 अंजुमनों ने शिरकत की और जिसमें छह अंजुमनों को बेहतरीन नात पढ़ने के लिए सम्मानित किया गया। बेनिया बाग से शुरू हुआ जुलूस हड़हा सराय, नया चौक, दालमंडी, नई सड़क से होते हुए बिस्मिल्लाह खां के आवास के निकट पहुंच कर समाप्त हुआ। वाराणसी शहर में रेवड़ी तालाब, नदेसर, बड़ी बाजार सहित अन्य स्थानों पर भी मदहे सहाबा का जुलूस निकला। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और अंजुमनों ने शिरकत की। शहर में मस्जिदों और उसके आसपास सुंदर विद्युत की सजावट की गई थी।

# कतरास में दो बड़े हादसे, भू-धंसान से दर्जनों घर जमींदोज



## सर्विस वैन खाई में गिरी, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

संवाददाता

**कतरास :** धनबाद जिले के कतरास में आज शुक्रवार की सुबह दो बड़े हादसे हो गये। बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र के रामकनाली ओपी के बद्दू बाबू बंगला के पास भू-धंसान से करीब आधे दर्जन घर जमींनदोज हो गये। इस हादसे में 4 लोगों के घायल होने की सूचना है। वहीं करीब एक दर्जन मवेशी गोफ के अंदर समा गये।

इलाके में दहशत

इस हादसे के बाद लोग अपनी जान बचाने के लिये इधर-उधर भागने निकले। मालूम हो यह इलाका डेंजर जॉन में शामिल है। घटना के बाद से लोग दहशत में हैं। नागेश्वर यादव और कारू यादव के मवेशी समेत नगदी और जेवरात गोफ में समा गये है। इस संबंध में नागेश्वर ने बताया कि मवेशी के साथ जेवरात व भारी रकम भी गोफ में समा गये है।

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

दूसरा बड़ा हादसा घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर हुआ। बीसीसीएल कतरास स्थित कांटा पहाड़ी में एमपीएल आउट सोर्सिंग कंपनी का सर्विस वैन स्लाइड कर लगभग 100 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गयी। खदान के नीचे गड्ढे में पानी भरा हुआ है। वैन में आउटसोर्सिंग के करीब आधा दर्जन कर्मी मौजूद थे। वैन को निकालने के लिए अधिकारियों की टीम लगी हुई है। सुरक्षा को लेकर कतरास अंचल के सभी थानों की पुलिस की टीम डटी हुई है। कोल अधिकारी अभी कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। मौके पर बचाव कार्य जारी है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### आपराधिक घटनाओं से सहमे व्यापारी: काली

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं से व्यापारी वर्ग सहमे हुए हैं। कारोबारी काली शर्मा ने कहा कि अपराध बढ़ने से व्यापार प्रभावित हो रहा है और ग्राहक भी कम आ रहे हैं। रात में दुकान बंद करने तक चिंता बनी रहती है। उद्यमी कृष्णा शर्मा काली ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की।

### कोल इंडिया के नए चेयरमैन का चयन 20 को होगा

**धनबाद :** कोल इंडिया के नए चेयरमैन का चयन 20 सिंतबर को किया जाएगा। लोक उद्यम चयन बोर्ड की ओर से जारी पत्र के अनुसार 20 सितंबर को 9:30 बजे से साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। मालूम हो कि कोल इंडिया के मौजूदा चेयरमैन पीएम प्रसाद अक्तूबर महीने में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सेवानिवृत्ति के पहले नए चेयरमैन का चयन कर लिया जाएगा। साक्षात्कार के लिए 11 दावेदारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनमें मुकेश चौधरी, डायरेक्टर मार्केटिंग, कोल इंडिया, इंद्रदेव नारायण, सीएमडी, एमईसीएल, बी साईं राम, सीएमडी, एनसीएल, नीलेंदू कुमार सिंह, सीएमडी, सीसीएल, पंकज कुमार शर्मा, निदेशक (प्रोडक्शन) नेशनल अल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड, विश्वनाथ सुरेश (कॉमर्शियल) एनएमडीसी, विनय कुमार, निदेशक तकनीक, एनएमडीसी, अनुज जैन, निदेशक वित्त, आईओसीएल, हेमंत कुमार दास, ईडी प्रोजेक्ट, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, आलोक सिंह प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स, डॉ पुडी हरिप्रसाद, चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, रेलवे के नाम शामिल हैं।

### दुर्गा पूजा स्थल पर लगा है कचरों का ढेर

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर के बेलवाटिका स्थित पंपूकल के पास करीब 50 सालों से पंडाल बनाकर दुर्गा पूजा का आयोजन करने वाला निराला संघ ने तैयारी शुरू कर दी है। मूर्ति निर्माण सहित पंडाल निर्माण की तैयारी अब जल्द ही शुरू होगी। सीटी के निचले स्तर और नदी के किनारे स्थित होने के कारण कम बजट में भी यहां आसानी से शास्त्रीय विधि-सम्मत पूजा संपन्न हो जाती है। प्रसाद वितरण की भी पारंपरिक व्यवस्था की जाती है। संघ के सदस्यों के अनुसार पहले की भांति ही इस बार का पंडाल भी बेहतर बनाया जाएगा। शहर के भीड़ से थोड़ी दूर होने के कारण यहां पूरे नियम से नवरात्रि पाठ किया जाता है।

गुरुद्वारा, पंपूकल, श्मशान घाट सहित वार्ड 19 की पूरी जनता बड़े ही श्रद्धा के साथ पूजा में भाग लेती है। इस बार कई जगह पूजा का आयोजन न होने से भीड़ बढ़ने के आसार है। मध्य विद्यालय के ठीक बगल में पूजा स्थल निर्धारित है। 1976 से यहां प्रतिवर्ष हर्षोल्लास से पूजा संपन्न होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि इस बार पूजा स्थल पर कचरों का ढेर लगा हुआ है। नदी के किनारे स्थित होने के कारण पूरी तरह असुरक्षित है क्योंकि नदी के किनारी कोई बाउंड्री और सुरक्षा के इंतजाम नहीं किया गया है। प्रशासन के दिशा निर्देश का पालन करते हुए यह संघ दुर्गा पूजा को संपन्न कराता है।

### सतबरवा से चोरी हुई स्कार्पियो चियांकी से बरामद

**सतबरवा :** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची गांव से चोरी हुई स्कार्पियो गाड़ी 12 घंटे में सदर थाना क्षेत्र के चियांकी से पुलिस ने बरामद कर लिया। बीएस 6 मॉडल के स्कार्पियो में लगा मदर बोर्ड को चोर गाड़ी से खोलकर चलते बने। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी को थाना ले गयी। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि रांची से पंजीकृत स्कार्पियो के गायब हो जाने के संबंध में जानकारी के बाद सर्च अभियान चलाया गया और चियांकी से लावारिस हालत में स्कार्पियो बरामद कर ली गयी। गाड़ी में लगा मदर बोर्ड गायब हैं, जो जानकार ही खोल सकता है।

पुलिस अनुसंधान कर रही है। स्कार्पियो मालिक गड्डू कुमार पिता ईश्वरी साव पोंची स्थित अपने घर के गली में पार्क किया था। बुधवार रात 10 बजे गाड़ी लगाकर खाना खाकर घर के सभी परिजन सो गए। सुबह चार बजे सोकर उठने के बाद गाड़ी दरवाजे पर नहीं लगा देख गुड्डू ने पुलिस को सूचना दी। छानबीन के क्रम में गुरूवार दोपहर 12 बजे चियांकी से गाड़ी बरामद कर ली गयी। सतबरवा की पेट्रोलिंग पुलिस का कहना है कि रात 12 बजे थाना लौटने के क्रम पोंची ताड़ बगान के पास एक काले रंग की स्कार्पियो मेदिनीनगर की और तेज रफ्तार से जाती हुई दिखी थी। अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई थी। पुलिसकर्मियों ने सोचा की शायद चालक को नींद की झपकी आ रही होगी।

### पलामू रेंज डीआईजी ने घायल जवान और शहीद जवानों के परिजनों से की मुलाकात



**बिनय मिश्रा :** पलामू रेंज डीआईजी नौशाद आलम मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंनेघायल जवान रोहित कुमार और शहीद जवान संतन मेहता और सुनील राम के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान डीआईजी ने वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत कर स्थिति की समीक्षा भी की। मीडिया से बात करते हुए पलामू रेंज डीआईजी नौशाद आलम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि केदल के इलाके में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन ळरढउ का दस्ता किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में है, जिसके बाद विशेष टीम बनाकर अभियान शुरू किया गया, इसी दौरान उग्रवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में हमारे 2 जवान वीरगति को प्राप्त हो गए, वहीं एक जवान घायल है। डीआईजी ने उग्रवादियों को कड़े शब्दों में चुनौती देते हुए कहा कि हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी।

### उत्कल एक्सप्रेस 9 को अपडाउन में नहीं आएगी टाटानगर

**जमशेदपुर :** पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस अपडाउन में 9 सितंबर को टाटानगर नहीं आकर झारसुगुड़ा स्टेशन से संबलपुर और कटक होकर चलेगी। लाइन ब्लॉक के कारण ट्रेन को पुरी और ऋषिकेश से 8 सितंबर को रवाना होने वाली ट्रेनों को बदले मार्ग पर चलने का आदेश हुआ है। इधर, आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 9 और 10 सितंबर को दुर्ग स्टेशन नहीं जाकर राउरकेला से अपडाउन करेगी। वहीं, हावड़ा से टिटलागढ़ और कांटाबाजी एक्सप्रेस ट्रेन भी 8 और 9 सितंबर को राउरकेला से लौटेगी। ट्रेनों के परिचालन दूरी में कटौती करने से विभिन्न स्टेशनों के सैकड़ो यात्रियों को आवागमन में दिक्कत होगी क्योंकि टाटानगर से इतवारी एक्सप्रेस को 10 सितंबर तक रद्द करने का आदेश है।

## देवघर विधायक सुरेश पासवान की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती





**देवघर :** देवघर के राष्ट्रीय जनता दल के विधायक सुरेश पासवान की तबीयत बिगड़ गयी, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। विधायक की बीते कुछ दिनों से तबीयत खराब थी। विधायक सुरेश पासवान के निजी सचिव प्रमोद यादव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से विधायक सुरेश पासवान को कमजोरी महसूस हो रही थी। कमजोरी की वजह से वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे, धीरे-धीरे तबीयत खराब हो रही थी।

विधायक के किडनी और लीवर में इंफेक्शन

देवघर से दिल्ली आने के बाद मंगलवार को सर गंगाराम अस्पताल में उनका फुल बॉडी चैकअप किया गया, जिसमें 300 से अधिक ब्लड शुगर के साथ-साथ किडनी और लीवर में इंफेक्शन पाया गया। प्रमोद ने बताया की डॉक्टर की सलाह पर उन्हें मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली में भर्ती कराया गया है, जहां फिलहाल उनका पासवान का इलाज चल रहा है। तबीयत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। डॉक्टर के अनुसार किसी प्रकार की कोई खतरा नहीं है। 3-4 दिनों में सेहत में सुधार आने के बाद उनको छुट्टी दी जायेगी ।

## अपनी बात : ये कहाँ आ गए हम आरोप प्रत्यारोप लगाते लगाते





बिनय मिश्रा

राजनीति ने सत्ता पक्ष और विपक्ष विधानसभा सत्र हो या बाहर आदर सम्मान व सत्ता में ना रहने का गुमान ना विपक्ष में बैठने का अफसोस अब ये हालात हो चुके हैं कोसों दूर जी हाँ वर्तमान समय में कांग्रेस कोटे से मंत्री बने जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानू प्रताप साही के बीच तू तू मैं मैं वाक्य युद्ध अब अशोभनीय भाषा का रुप ले चुका है दोनों के बीच चल रहे हैं जो स्वास्थ्य राजनीति के लिए अच्छा नहीं है। भानू प्रताप साही कई बार विधायक और झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं। भानू प्रताप साही ने निर्दलीय मंत्री मधू कोड़ा को समर्थन दिया था तब उनके पिता हेमेंद्र प्रताप साही को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया था। श्री साही पिता और पुत्र दोनों स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं। वहीं वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के पिता फुरकान अंसारी अविभाजित बिहार के समय पथ निर्माण मंत्री रह चुके हैं वहीं इरफान अंसारी भी स्वास्थ्य मंत्री हैं। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाकर राजनैतिक स्वास्थ्य को खराब कर रहे हैं ऐसा लोगों का मानना है। राजनीति में ऐसी परिस्थिति और मनोस्थिति से राजनैतिक सेहत बिगड़ती है और एक दूसरे के प्रति सम्मान भी नहीं रहता अतः राजनैतिक स्वास्थ्य और सेहत पर इसका असर भी पड़ता है और वातावरण कुपोषित सा दिखाई पड़ता है। अतः राजनीति में स्वस्थ रहें, सहज रहें और स्वच्छ रहें का अनुपालन होना चाहिए।

## मुठभेड़ में पोस्ते की खेती करने वालों का होने की आशंका : विधायक

संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मनातू थाना क्षेत्र में बुधवार की रात में हुई मुठभेड़ में शहीद संतन मेहता और सुनील राम के प्रति गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की है। साथ ही शोकाकुल परिजनों के साथ हमेशा सहयोग में खड़ा रहने की बात कही है। उन्होंने कहा कि दोनों जवान जांबाज थे और बहादूरी के पथ पर आगे बढ़ते हुए शहादत दी है। उन्होंने घायल जवान रोहित कुमार के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने कहा कि कही न कहीं इस घटना के पीछे भी पोस्ते की खेती संबंधी नेटवर्क सक्रिय होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि अफीम उत्पादन के लिए पोस्ते की खेती के निमित आपराधिक



तत्व व उग्रवादी के संरक्षण में खेतों की जुताई शुरू हो गया है। उन्होंने पिछले वर्ष भी इस मामले को उठाया था और एसपी को भी जानकारी दी थी परंतु समुचित कार्रवाई नहीं हो सकी। वे मुख्यमंत्री से मांग करेंगे कि सीआरपीएफ को पुनः तैनात किया जाए और अफीम उत्पादन के धंधे में लगे उग्रवादी, अपराधी और बिचौलिया पर सख्ती से कार्रवाई की जाए।

## मंईयां योजना का लाभ लेने में गोविंदपुर की महिलाएं सबसे आगे

**धनबाद :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अगस्त में जिले की कुल 3 लाख 56 हजार 774 महिलाओं को सम्मान राशि (2500 रुपए प्रति लाभुक) का सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान कर दिया गया है। मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने में गोविंदपुर की महिलाएं सबसे आगे है। यहां 52 हजार 158 महिलाओं ने इस योजना का लाभ लिया। डीसी आदित्य रंजन ने बताया कि इसमें कुल 89 करोड़ 19 लाख 35 हजार रुपए की राशि भेजी गई है। जिन लाभुकों का आवेदन स्वीकृत हो चुका है, लेकिन उनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं, वैसे लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## आत्मदाह करने वाले रैयत के परिजनों से मिलीं पूर्व विधायक

### कहा- अब नहीं होगा दूसरा जादू महतो कांड

संवाददाता

**धनबाद:** बीसीसीएल के पाथरडीह कोल वाशरी स्थित मिवान स्टील लिमिटेड (मोनेट) वाशरी परिसर में आत्मदाह कर अपनी जान गंवाने वाले रैयत शिव शंकर उर्फ जादू महतो के परिवार से बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने मुलाकात की। अंबा प्रसाद ने जादू महतो के घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। अंबा प्रसाद के पहुंचने पर परिजन उनसे लिपटकर चीत्कार के साथ रोने लगे।

मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता अंबा प्रसाद ने कहा कि जादू महतो की जमीन पर खड़े होकर हम संकल्प लेते हैं कि झारखंड में अब दूसरा जादू महतो नहीं बनने देंगे। अव्यवस्था और अन्याय के खिलाफ जंग छेड़ी जाएगी, हर पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि इस पूरे प्रकरण में दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई होनी



चाहिए। इसके लिए झारखंड डीजीपी और धनबाद के एसएसपी से भी बात करेंगी। बता दें कि 2012 में धनबाद उपायुक्त और तत्कालीन टूंडी विधायक मथुरा महतो की मौजूदगी में मोनेट वाशरी (मिवान स्टील लिमिटेड) और जादू महतो के बीच 5 एकड़ 71 डिसमिल जमीन का एग्रीमेंट हुआ था। आरोप है कि 13 साल बीत जाने के बावजूद समझौते की शर्तें पूरी नहीं की गईं। जिससे परेशान होकर 28 अगस्त को जादू महतो ने आत्मदाह किया और गंभीर हालत में उन्हें बोकारो के बीजीएच में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

जादू महतो ने निधन से वीडियो जारी कर अपनी मौत का जिम्मेदार मोनेट वाशरी के एचआर संजय कुमार, बीसीसीएल के पीओ विपिन कुमार और स्थानीय नेता सबुर गोराई को ठहराया था। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने वाशरी गेट पर शव रखकर लगातार तीन दिन तक प्रदर्शन किया। बुधवार को डुमरी विधायक जयराम महतो ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की बीसीसीएल प्रबंधन से बात कर नियोजन पर सहमति बनवाई। जिसके बाद शव को उठाया गया।